CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 26 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 12 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## बजट से निकला विकसित राजस्थान का मेट्रो ट्रैकः किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण पर फोकस

# युवा, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस, बजट में भविष्य की दिशा

21 लाख 52100 करोड़ का बजट प्रस्तुत करके भजन लाल सरकार ने तोड़ दिए पिछले सारे रिकॉर्ड, हर सेक्टर और हर क्षेत्र में सौगातो की बौछार करके आधुनिक संचार माध्यमों और टेक्नोलॉजी के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण और समुचित विकास को तीव्र गति से आगे ले जाने का प्रयास, पीएम मोदीके विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में वर्ष2028 -29 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का इस बजट के माध्यम से संकल्प, सेवा, समर्पण और सुशासन का सरकार का भाव बजट में आ रहा साफ नजर

## बजट की की कई बड़ी घोषणाएं

- सरकार ने विकास कार्यों के लिए 53 हजार 978 करोड रुपए का लक्ष्य रखा जो पिछले साल से 36.9 प्रतिशत ज्यादा है अगर प्रभावी पूंजीगत खर्च की बात करें तो यह 1 लाख करोड रुपए से भी अधिक होगा..
- बिजली सड़क और पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं पर 51000 करोड रुपए से ज्यादा का पूंजीगत खर्च किया जाएगा।
- राज्य में पहली बार स्टेट गवर्नमेंट सिक्योरिटी की स्विचिंग सिस्टम शुरू किया जा रहा है इससे पुराने कर्ज की रिस्ट्रक्शन और डीकंजक्शन संभव होगा।
- रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के गारंटी रिडेंप्शन फंड में निवेश से सरकार को इस साल 600 करोड रुपए और अगले साल 750 करोड रुपए की सीधी बचत होगी सरकार ने इस फंड में 2450 करोड रुपए का इन्वेस्ट किया है।
- इन्वेस्टर के लिए अब 1 एप्लीकेशन वन डिजिटल ट्रैक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, सभी विभागीय स्वीकृतियां एक ही जगह संपादित होगी, कम जोखिम वाले प्रोजेक्ट में फिजिकल इंस्पेक्शन की जरूरत को खत्म कर दिया गया है।
- टेक्सटाइल उद्योग को नई ऊर्जा देने के लिए कैपिटल सब्सिडी और पैरोल सब्सिडी के अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- अब मैन्युफैक्चरिंग के अलावा सर्विस सेक्टर को भीआरआईपीएस के तहत लाभ मिलेगा।
- नवीनीकरण ऊर्जा उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों को भी अब आरआईपीएस के कार्यक्षेत्र में लाया गया है।
- कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग को थ्रिस्ट सेक्टर घोषित किया गया है जिससे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में बुधवार को उस समय एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली जब वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 21 लाख 52100 करोड रुपए का बजट प्रस्तुत करके पिछले सभी बजट के रिकॉर्ड तोड़ डाले। इस विशालकाय बजट से एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में विकसित राजस्थान के लिए एक ऐसा मेट्रो का ट्रैक तैयार हुआ है। जिस पर सवार होकर सरकार मेट्रो की रफ्तार से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में दौड़ेगी तो दूसरी तरफ इस भारी भरकम बजट की राशि से प्रदेश का हर क्षेत्र और हर सेक्टर रोशन होगा जो प्रदेश के लोगों की खुशहाली और प्रदेश की तरक्की को सुनिश्चित करेगा, बजट में वैसे वैसे तो सभी सेक्टर और क्षेत्र को भरपूर सौगाते मिली है लेकिन किसान, युवा, गरीब, मजदूर के कल्याण और भलाई पर ज्यादा फोकस करके समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है, बजट में भजनलाल सरकार के सेवा, समर्पण और सुशासन का भाव साफ नजर आ रहा है इसलिए बजट का विश्लेषण करने वाले विशेषज्ञ भी इस बजट में कोई भी कमी निकालने में खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं इसलिए वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से बुधवार को जारी किए गए इस समावेशी और स्पर्शी बजट को पूरे देश के लोगों ने खुले दिल और दिमाग से स्वीकार करके बजट को लेकर अच्छी प्रतिक्रियाएं प्रिंट इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के माध्यम से दे रहे हैं, बुधवार को दिनभर और देर रात तक बजट की लोग प्रशंसा करते ही नजर आए यह कांग्रेस पार्टी की अपनी मजबूरी है कि वह विपक्ष में है इसलिए उनकी ओर से बजट में कमी निकालना उनकी मजबूरी है लेकिन हकीकत यही है कि बुधवार को विधानसभा में जारी हुआ यह बजट राजस्थान की प्रगति और राजस्थान के लोगों के खुशहाल जीवन के लिए एक ऐतिहासिक अवसर और मौका लेकर आया है जिसको जमीन पर उतार कर प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के लोगों के विश्वास और उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेगी बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने करीब 3 घंटे तक बजट भाषण प्रस्तुत किया और पिछले साल के बजट की तुलना में इस बार 41.39 फ़ीसदी ज़्यादा बजट का आकार प्रस्तुत किया जिसमें किसान, महिला, युवा, कर्मचारी, स्कूल, स्टूडेंट, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्किल डेवलपमेंट, रोजगार प्रशिक्षण इत्यादि के लिए कई बड़े ऐलान किए गए इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता इसका फ्यूचरिस्टिक होना है सरकार ने युवाओं के लिए चार लाख नौकरियां का खाखा खींचने के अलावा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को टैबलेट लैपटॉप के लिए 20 हजार रुपए का ई वाउचर देने की घोषणा कर भविष्य की नींव रखी। इसी कड़ी में प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए का प्रभावी पूंजीगत खर्च और 42 हजार किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाने का संकल्प लिया गया है जो राजस्थान की रफ्तार को नई दिशा देगा। जानकारी के अनुसार बजट में आमजन की पॉकेट और जीवन दोनों का ध्यान रखते हुए सरकार ने राज सुरक्षा जैसी योजना शुरू की है जो बिना किसी दस्तावेज़ के एक्सीडेंट केस में मुक्त इलाज सुनिश्चित करेगी । वही मध्यम वर्ग और इन्वेस्टर के लिए लोन रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी में भारी कटौती कर बड़ी वित्तीय राहत दी गई है किसानों के लिए 25000 करोड रुपए के ब्याज मुक्त कर्ज और गेहूं पर 150 रुपए के अतिरिक्त बोनस ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उम्मीद दी है । इसके अलावा अन्य राज्यों से आने वाली गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन टैक्स में अब तक 50 प्रतिशत की छूट, सरकारी अस्पतालों में मौत होने पर बॉडी को घर तक मुक्त पहुंचने की सुविधा, अगले साल 10 करोड़ पौधे लगाने, दूध पर बोनस के लिए 700 करोड रुपए का अनुदान देने और प्रदेश में 60 नए सीएनजी स्टेशन और 250 ई वी चार्जिंग पॉइंट खोलना जैसे बड़े ऐलान भी बजट में किए गए हैं ।

### राजस्थान के चार जिलों में नए एयरपोर्ट और दो पायलट ट्रेनिंग सेंटर

बजट भाषण में प्रदेश के चार जिलों के लिए नए एयरपोर्ट खोलने की योजना है। यह एयरपोर्ट सीकर, झुन्झनू, भारतपुर तथा डीग जिले के संयुक्त इलाके में खोलने का प्रस्ताव है। इन सभी जगह पर विजिबिलिटी स्टडी करवाई जाएगी बजट भाषण में कहा गया है कि 16.5 मेट्रिक टन से भरी माल वाहक वाहनों पर मोटर व्हीकल टैक्स के प्रतिवर्ष भुगतान के साथ-साथ वाहन मालिकों को राहत देते हुए एक बार में ही भुगतान का विकल्प दिया जाना प्रस्तावित है वही वहां जनित वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय के तहत 6 साल पुराने परिवहन और 15 साल पुराने गैर परिवहन वाहनों पर ग्रीन टैक्स की दरों को पुनरीक्षित किया जाएगा। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने अन्य राज्यों से राजस्थान में स्थाई रूप से ले कर आए गैर परिवहन वाहनों के पंजीकरण पर मोटर व्हीकल टैक्स में अधिकतम 25 प्रतिशत छूट को बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत तक किए जाने की घोषणा की ।

### शेखावाटी की हवेलियों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाली घोषणा

बजट में शेखावाटी की हवेलियों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई। जिसमें झुंझुनू, सीकर और चुरू जिले में मौजूद 660 से अधिक हवेलियों के रखरखाव स्वच्छता और सौंदर्य करण के लिए वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया गया। इन हवेलियों को पर्यटन इकाई के रूप में विकसित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने के प्रयासों का भी बजट में जिक्र किया गया ।

### बजट में बालोतरा कपड़ा उद्योग के लिए खुशखबरी

बालोतरा के कपड़ा उद्योग में प्रदूषण की समस्या के निवारण के लिए इस बार बजट में सीईटीपी के निर्माण और अपग्रेडेशन के लिए प्रदेश में 1000 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है। इससे बालोतरा के सीईटीपी के अपग्रेडेशन और प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी । बजट में अमृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति हेतु पात्र आश्रितों की सूची में अमृत सरकारी कर्मचारी की पुत्रवधू को भी शामिल किया जाएगा।

### अब घर बैठे होगा जमीन जायदाद का रजिस्ट्रेशन 106 ऑफिस बनेंगे मॉडल

बजट में लोगों को तहसील के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाने के लिए कई तरह के कदम उठाए गए हैं जिसमें रजिस्ट्री के लिए दफ्तर के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। सरकार ई रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू करेगी जिसमें पक्षकारों का वेरिफिकेशन स्लॉट बुकिंग और डिजिटल सर्टिफाइड काफी घर बैठे ही उपलब्ध होगी। पहले 50 सब रजिस्टार ऑफिस को अपग्रेड करने की बात थी अब प्रदेश के सभी 106 पूर्ण कालिक उप पंजीयन कार्यालय को अत्यधिक मॉडल कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन से जुड़ी अपील का अब समयबद्ध तरीके से निस्तारण होगा । सभी अपील को प्राथमिकता के आधार पर 60 दिन में निस्तारित करना अनिवार्य होगा। भूमि और संपत्ति के लेनदेन में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए इंस्टेंट और एनीव्हेयर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ।

### सरस अब उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश में, 10 करोड़ पौधे और 1500 करोड रुपए का पृथ्वी प्रोजेक्ट

राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी डेवलपमेंट फंड को 1000 करोड रुपए से बढ़ोतरी करके 2000 करोड रुपए कर दिया गया है। सरस अब राजस्थान के बाहर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी आउटलेट खोलेगी। इसके लिए 100 करोड रुपए का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है दुग्ध उत्पादकों के अनुदान में वृद्धि करते हुए 700 करोड रुपए निर्धारित किया गया है जिससे 5 लाख पशुपालक लाभान्वित होंगे साल 2047 तक प्रदेश में 20 प्रतिशत ग्रीन कवर का लक्ष्य और अगले साल 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प हर जिला मुख्यालय पर नमो नर्सरी और पंचायत स्तर पर नमो वन विकसित होंगे। जयपुर जोधपुर सहित 16 जिलों में 32 करोड रुपए से ऑक्सी जॉन स्थापित किए जाएंगे तथा मानव और वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए 1500 करोड रुपए का पृथ्वी प्रोजेक्ट बनाया गया है चित्तौड़गढ़ में 31 करोड रुपए की लागत से नया बायोलॉजिकल पार्क बनेगा तथा वन भूमि के डायवर्सन में लगने वाले समय को कम करने के लिए 1000 हेक्टर का गैरवन भूमि लैंड बैंक बनेगा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन 2.0 : तीसरे चरण में 5000 गांव में 200500 करोड़ से 1.10 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनेंगे राज्य में पहली बार कार्बन क्रेडिट पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू किया जाएगा।

### किसानों को ब्याज माफी का बड़ा तोहफा मशीनों पर 160 करोड रुपए की सब्सिडी और 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर

बजट में नहरी क्षेत्र के किसानों और खेती को आधुनिक बनाने के लिए काफी राहत दी गई है । उपनिवेशन क्षेत्र के किसानों के लिए समाधान योजना का ऐलान किया गया है। अगर आवंटी अपनी बकाया राशि 1 अप्रैल 2026 से 10 सितंबर 2026 के बीच जमा करवा देते हैं तो उन्हें ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर 160 करोड रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इससे प्रदेश के 50000 किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे जिन किसानों के पास खुद की मशीन नहीं है उनकी सुविधा के लिए 96 करोड रुपए की लागत से 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे यहां से किस वाजिब दर पर आधुनिक मशीन किराए पर ले सकेंगे। बजट में 300000 किसानों को ड्रिप स्प्रेकलर और 50000 नए सोलर पंप इत्यादि के लिए 11300 करोड रुपए का बजट सुनिश्चित किया गया है।

### किसानों को 25 000 करोड रुपए का ब्याज मुक्त लोन कृषि विश्वविद्यालय में भर्ती और मिशन राज गिफ्ट का ऐलान

बजट में राज्य के 35 लाख से ज्यादा किसानों को बड़ी राहत देते हुए 25000 करोड रुपए के ब्याज मुक्त अल्पकालिक लोन बांटने का लक्ष्य रखा गया है सरकार इस पर 800 करोड रुपए का ब्याज अनुदान देगी कृषि शिक्षा को मजबूती देने के लिए विश्वविद्यालय में खाली पड़े पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा इस साल 445 पदों पर भारती की प्रक्रिया संपादित होगी किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए मिशन राज गिफ्ट की स्थापना की जाएगी तथा प्रदेश की विभिन्नमंडी में इंफ्रास्ट्रक्चर और क्षमता विकास के कार्य होंगे बजट में ग्रीन हाउस पाली हाउस जैसी आधुनिक सुविधाओं के लिए 4000 किसानों को 200 करोड रुपए का अनुदान दिया जाना सुनिश्चित किया गया है किसानों को गर्मी और बारिश से बचने के लिए मंडी में सब निर्माण और अन्य कार्यों पर 350 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे नवगठित जिलों में जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार खोले जाएंगे नों फार्मिंग सेक्टर के लिए 590 करोड रुपए के खर्चे पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा जिससे 25000 लोग लाभान्वित होंगे प्रदेश के 2.5 लाख से ज्यादा किसानों को दलहनी और तिलहनी फसलों के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया जाएगा इस योजना पर सरकार 135 करोड रुपए खर्च करेगी जिससे उत्पादन में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है इसके अलावा बजट में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और जैविक खेती को हर गांव तक पहुंचने के लिए प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में खाद बनाने की यूनिट स्थापित की जाएगी बी से लेकर खाद तक की व्यवस्था कर सरकार ने खेती की लागत को कम करने और किसने की इनकम को बढ़ाने का रोड मैप स्पष्ट रूप से तैयार किया है इसके अलावा खेत में खड़ी फसल को आवारा पशुओं से बचने के लिए 20000 किलोमीटर की तारबंदी का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए किसानों को 228 करोड रुपए का अनुदान दिया जाएगा सामुदायिक तारबंदी के लिए पहले कम से कम 10 किसान समूह होना अनिवार्य था जिसको घटकर 7 कर दिया गया है इससे छोटे समूह को भी लाभ मिल सकेगा अगले 2 साल में 15000 किलोमीटर लंबी सिंचाई पाइपलाइन और 8000 डिग्गी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है जल संचयन के लिए 36000 फार्म पोंड बनाने के लिए 585 करोड रुपए से ज्यादा का अनुदान सुनिश्चित किया गया है इस योजना से प्रदेश के 80000 से ज्यादा किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे



CMYK

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत आर्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मालवीय नगर में निर्वाचन साक्षरता उत्सव का हुआ आयोजन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी अधिकारी व सीईओ जिला परिषद सालुखे गौरव रविंद्र के निर्देशन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत ईएलसी (निर्वाचन साक्षरता क्लब) आर्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मालवीय नगर के द्वारा 'निर्वाचन साक्षरता उत्सव' का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा मतदाता जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में रंगोली, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के समापन मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वीप समन्वयक शिवकुमार मिश्रा और केन्द्र अधिक्षक हेमंत मीणा, प्रधानाचार्य रेणु सिंह सहित विद्यालय स्टाफ तथा बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अलवर में पहली बारः बैकुंठधाम मंदिर के 56वें स्थापना दिवस पर 20 फरवरी से 01 मार्च तक होगी श्री श्याम कथा

### तैयारियां जोरों, निकलेगी निशान यात्रा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर के स्कीम दो स्थित बैकुंठधाम मंदिर के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर 20 फरवरी से 01 मार्च तक श्री श्याम कथा का आयोजन होगा। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि यह खुशी की बात है कि राजस्थान के इतिहास मे पहली बार श्री श्याम कथा का आयोजन हो रहा है। श्री श्याम कथा का वाचन करने मे महारथ पा चुके अलवर के महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि विगत 5 वर्ष से लगातार अभ्यास के बाद इस कथा को सार्वजनिक किया जा रहा है। जिसका रसपान करने अलवर के साथ साथ अन्य जिलों से भी भक्तजन श्री श्याम कथा सुनने बैकुंठ धाम पहुंचेंगे। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं अलवर के श्याम प्रेमियों सहित सनातनो मे उत्साह की लहर है। महंत ने बताया कि श्री श्याम कथा आयोजन अवसर पर 22 फरवरी को सुबह 10 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी। वहीं श्री श्याम कथा का प्रारंभ 23 फरवरी से शुरू होगा। इससे पहले 22फरवरी को निशान यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी (बैकुंठ धाम से शुरू होकर प्रमुख सड़कों से होते हुए मंदिर तक)। श्री श्याम कथा श्री बैकुण्ठ धाम मन्दिर, स्कीम नं. 2, अलवर पर होगी।

## मनुमार्ग गुरुद्वारे में हुई लेपा की रस्म, गुरुमुख सम्मेलन 15 से

### गुरुमुख सम्मेलन की तैयारियां


जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर के मनुमार्ग स्थित गुरुद्वारे में आगामी 15 से 17 फरवरी तक आयोजित होने वाले गुरुमुख सम्मेलन की तैयारियों के तहत बुधवार को लेपा की रस्म संपन्न हुई। इस रस्म के साथ ही गुरुद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम भी शुरू हो गए हैं। प्रवक्ता बसंत गांधी ने बताया कि 102 वे गुरुमुख सम्मेलन के तहत 15 से 17 फरवरी तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में गुरबाणी कीर्तन, कथा और आनंद कारज होंगे उन्होंने कहा कि खंडेलवाल धर्मशाला के पास स्थित गुरुद्वारा सुखधाम में 12 फरवरी को आसा दी वार का कीर्तन होगा। उसके बाद संतरेन डॉ. हरभजन शाह सिंह महाराज के प्रवचन होंगे। वहीं 13 फरवरी को सुबह 9 बजे प्रताप बंध स्थित समाधि साहब पर कार्यकम होंगे और 14 फरवरी को मनुमार्ग स्थित गुरुद्वारे में पहले संतो का भंडारा होगा। उसके बाद आमजन का भंडारा होगा और 15 फरवरी को खंडेलवाल धर्मशाला के पास स्थित गुरुद्वारा सुखधाम से नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो मुख्य मार्गो से होते हुए मनुमार्ग स्थित गुरुद्वारे पहुंच कर संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इसी के साथ ही तीन दिवसीय गुरुमुख सम्मेलन प्रारंभ होगा। जिसने गुरुवाणी कीर्तन, कथा होंगी और 17 फरवरी को सुबह 10 बजे संतरेन डॉ. हरभजन शाह सिंह महाराज के प्रवचन होंगे। इसके बाद आनंद कारज होंगे और गुरुमुख सम्मेलन का संपन्न होगा।

## बजट में तिजारा विधानसभा को मिली सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का विधायक बालक नाथ योगी ने जताया आभार

### कहा' बजट से होगा- राजस्थान का समग्र विकास



**तिजारा(निसं.)।** बजट 2026 को लेकर तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि 1020 करोड़ रुपये की वर्षा जल भराव व बाढ समस्या समाधान के लिए बजट विशेष रूप प्रदेश के सात शहरों मे भिवाड़ी को सम्मिलित किया जाना ऐतिहासिक घोषणा है। इसके अतिरिक्त तिजारा सलालपुर में 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन, भिवाड़ी में 50 मेट्रिक टन क्षमता का कचरा निस्तारण प्लांट, तिजारा में डाक बंगला व एयर क्वालिटी मैनेजमेंट प्रशासनिक सुधार के लिए टपूकड़ा में वीसी सेटअप, नगरीय विकास योजना के तहत सीवरेज कार्य, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए 20 करोड़ रूपये के कार्य, टपूकड़ा में नाला निर्माण के लिए 2 करोड रुपए, भिवाड़ी नगर परिषद में पार्कों के पुनर्विकास के लिए 2 करोड रुपए, औद्योगिक विकास को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए भिवाड़ी के चौपनकी और कहरानी में औद्योगिक पार्क और आधारभूत विकास के कार्य उल्लेखनीय हैं। सहित खैरथल तिजारा जिले के लिए संयुक्त रूप से की गई विभिन्न घोषणाओं को तिजारा विधानसभा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बजट में न केवल विधानसभा के विकास बल्कि पर्यावरण और प्रशासनिक व्यवस्था में भी सुधार के लिए प्रावधान किए गए हैं। जिससे आमजन को निश्चित रूप से लाभ होगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के संबंध कार्यशाला आयोजित

### बाल विवाह रोकथाम के लिए सामुहिक प्रयास जरुरी - जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनन्त भंडारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली आशा अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्रधिकरण एवं शिव शिक्षा समिति रानोली के संयुक्त तत्वावधान में प्रताप ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनन्त कुमार भण्डारी ने किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश भण्डारी ने बाल विवाह रोकथाम एवं जागरुकता को लेकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी आशा गाइडलाइन का महत्व बताते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने आशा अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत अंतर विभागीय समन्वय से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन प्रभावी तरीके से किया जाए। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव मोहन लाल सोनी ने बाल विवाह जागरुकता एवं रोकथाम को लेकर आशा गाइडलाइन के तहत सभी विभागों की जिम्मेदारियों एवं भूमिका बताते हुए अलवर में बाल विवाह रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही करने पर बल दिया।

विभिन्न विशेषज्ञों ने कार्यशाला में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें महिला अपराध हेतु विशेष अनुसंधान इकाई की पुलिस उपाधिक्षक इन्दु लोदी ने पुलिस विभाग द्वारा बाल विवाह पर मिलने वाली सूचनाओं पर कार्यवही करने एवं बाल विवाह को संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध होने के बारे में जानकारी दी तथा शिव शिक्षा समिति से कार्यक्रम प्रबंधक सीताराम शर्मा ने कवच परियोजना की जानकारी देते हुए बताया की परियोजना के तहत मॉडल जिला बाल संरक्षण इकाई की स्थापना करने, परिवार एवं समुदाय आधारित सुरक्षा चक्र तैयार करते हुए मजबूत डेटा प्रणाली विकसित करने के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसी प्रकार परियोजना अधिकारी प्रियंका सिंह ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा की यह कार्यशाला बाल विवाह प्रतिशेध अधिकारियों की भूमिका एवं कार्य जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने एवं बाल विवाह पर जिला कार्ययोजना निर्माण करने के बारे में चर्चा की। वहीं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बाल संरक्षण हेतु कार्यरत तंत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की तथा राजस्थान पुलिस के सीआई धीरज कुमार जैन ने बाल विवाह के लीगल प्रावधानों एवं फ्रेमवर्क, चाइल्ड मैरिज प्रतिषेध अधिकारी की भूमिका, पॉक्सों से बाल विवाह अधिनियम का जुडाव, भारतीय न्याय संहिता से जोडते हुए कार्यवाही करने इत्यादि पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में एलएडीसीएस के अध्यक्ष महेश कुमार गोठवाल ने बाल विवाह अधिनियम के कोर्ट प्रोसीजर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में नालसा के थीम सॉन्ग को प्रस्तुत किया गया तथा मंच संचालन महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल ने किया।

कार्यशाला के अन्त में खुले सत्र में सभी सहभागियों ने अपने अनुभव साझा किये। संस्था सचिव डॉ. शिवजी राम यादव ने चाइल्ड चौम्पीयन तैयार करने, बाल विवाह रोकथाम वाली बालिकाओं को सम्मानित करने एवं जिला स्तर पर बच्चों से जुडे आकंडों का सग्रहण करने की बात करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यशाला में उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, तहसीलदार अलवर रश्मि शर्मा, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान सहित कार्यशाला मे बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों सहित सभी विभागों से 150 सहभागियों ने भाग लिया ।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित

### बाड़मेर जिले के युवा प्रतिभागी अलवर जिले की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विरासत से हुए परिचित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत अलवर द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम का पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तहत बाड़मेर जिले के 40 युवा प्रतिभागी 5 दिनों तक अलवर जिले की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विरासत से परिचित हुए।

उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा जीवन में सफलता हासिल करने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रीय भावना और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान को साझा करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। सहा. प्रोफेसर डॉ. दीपक चंदवानी ने युवाओं को तनाव मुक्त रहने के तरीके, लाइफ स्किल्स के महत्वपूर्ण पहलू तथा प्रभावी नेतृत्व के गुर सिखाए। माय भारत केंद्र के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न सत्रों में जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स), नेतृत्व (लीडरशिप), तनाव प्रबंधन तथा व्यक्तिगत विकास पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से प्रेरित यह कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मकता,सांस्कृतिक एकीकरण तथा राष्ट्रीय विकास का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जहां पर शिवलिंग विराजमान हो जाता है वह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं होता- डॉ. शिवम् साधक महाराज

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शिव कृपा आनंद महोत्सव के तीसरे दिन की शिव कथा में डॉ शिवम साधक महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जहां पर शिवलिंग विराजमान हो जाता है, वह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं होता। इसलिए प्रत्येक सनातनी को अपने घर में शिवलिंग जरूर रखना चाहिए, जहां शिव कथा को सुनने वाले को उसका सम्पूर्ण फल मिलता है। संत ने इसकी महिमा सुनाई और कहाँ कि जहां पर मन लगे सबसे ज्यादा धर्म करने का फल वही मिलता है अपनी प्रशंसा सुनकर जो लोग खुश होते हैं वह अपने पुर्णियों का नाश करने इसलिए प्रशंसा सुनने से हमारे पूर्ण काम होते हैं और निंदा सुनते से हमारे पाप कम होते हैं नारद जी ने अपनी प्रशंसा सुनी अभिमान हो गया। तब भगवान ने कृपा करके अभिमान को दूर किया। इस अवसर पर दूर-दूर से पधार कर भगवान शिव के दिव्या चंदन प्रसाद को भक्तों ने प्राप्त किया इस चंदन को धारण करने से भक्तों के कष्टों का निवारण होता है। बुधवार को रात्रि 8 बजे ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम चरकुला नृत्य की प्रस्तुति की गयी जिसको देखकर भक्तगण आनंदित हो उठे। खड़े होकर नाचने लगे, मानो साक्षात भगवान कृष्ण काठ स्थल पर आकर नाच रहे हो। बुधवार को शिव कथा में अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष योगेश मिश्रा पधारे। वहां उन्होंने व्यास पीठ एवं ब्रह्मलीन परम पूज्य भक्ति सम्राट संत गुरु शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) एवं संत डॉ. शिवम् साधक महाराज को पुष्प माला पहनाकर चरण वंदन किया, वही संत ने पुष्प माला पहनाकर उनको आशीर्वाद दिया। योगेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में डॉ शिवम साधक जी महाराज से कहाँ कि आप अपनी कृपा द्रष्टि अलवर वासियों पर इसी तरह बनाये रखे सभी जन जन का कल्याण हो, उनके घर में धन धन्य का वास हो, सुख शांति बनी रही व्यापार दिन दोगुना रात चौगुना बढ़ता रहे, यही आशीर्वाद आप सभी को प्रदान करे। आरती में सम्मिलित होकर व्यास पीठ की पूजा अर्चन कर महाराज से प्रसाद प्राप्त करके गए। साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ एस.सी. मित्तल ने पधारकर आरती करी अपने उ?द्बोधन में डॉ. मित्तल ने कहाँ कि स्टेज की थीम, कलर कॉम्बिनेशन शिवलिंग का डिजाईन अतिमनमोहक दिखाई दे रहा है इस मौके पर उन्होंने अशोक सैनी को धन्यवाद ज्ञापित किया कि इस शिव कथा को करने के लिए उन्होंने श्रीराम मंदिर में स्थान प्रदान किया। बुधवार को शिव कथा में यजमान मदन गटर वाले, योगेश मिश्रा, डॉ. एस.सी. मित्तल, सुभाष मित्तल, अल्का मित्तल, गिरीश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, भावना अग्रवाल, अनिल बंसल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्र हुए।

## जिले में हर आपराधिक घटनाओं में आई कमी, एसपी ने दी तुलनात्मक आंकड़ों की जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला अलवर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व डॉ. प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर के मिनी सुपरविजन में जिले में वर्ष 2025 2026 के तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार जिले में हर अपराधी घटनाओं में कमी आई है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल सडक दुर्घटनाओं की संख्या 100 थी जबकि वर्ष 2026 में सडक दुर्घटनाओं की संख्या 63 है। जो कि वर्ष 2025 की तुलना में अब तक 37 की कमी आई।

वहीं वर्ष 2025 में मृतकों की संख्या 40 थी जबकि वर्ष 2026 में मृतकों की संख्या 33 है। जो कि वर्ष 2025 की तुलना में अब तक 07 की कमी आई। इसी के साथ वर्ष 2025 में घायलों की संख्या 75 थी जबकि वर्ष 2026 में घायलों की संख्या 51 है। जो कि वर्ष 2025 की तुलना में अब तक 24 की कमी आई। अब एनडीपीएस एक्ट के 38 प्रकरण को देखे तो इसमें भी वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के 38 प्रकरण दर्ज हुए व वर्ष 2026 में 13 प्रकरण दर्ज हुए अब तक कुल 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्ष 2025 में आईटी एक्ट के 276 प्रकरण दर्ज हुए व वर्ष 2026 में 56 प्रकरण दर्ज हुए अब तक कुल 490 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

वहीं वर्ष 2025 में चोरी के 161 प्रकरण दर्ज हुए व वर्ष 2026 में 143 अब तक प्रकरण दर्ज हुए जो कि वर्ष 2025 की तुलना में 18 प्रकरण कम दर्ज हुए।

इसी के साथ वर्ष 2025 से अब तक साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल/1930 एवं थानों पर प्राप्त शिकायतो/परिवादों के निस्तारण के संबध में कुल 04 करोड 61 लाख 08 हजार 191 रू फ्रॉड की राशि हॉल्ड कराई गई एवं परिवादीयों के खाते में 86 लाख 3 हजार 967 रूकी राशि वापिस कराई गई। कुल 20 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

## 16-17 फरवरी को आयोजित होगा 'सरिस्का साहित्य संवाद' का प्रथम सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव, पोस्टर का किया विमोचन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आगामी 16-17 फरवरी को रिवाज रिसॉर्ट, कंपनी बाग, अलवर में आयोजित होने जा रहे 'सरिस्का साहित्य संवाद' के प्रथम सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव को लेकर बुधवार को पोस्टर विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत की। आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय यह महोत्सव प्रकृति और साहित्य के समन्वय पर आधारित एक सशक्त मंच होगा, जिसमें साहित्य, संस्कृति और समसामयिक विचारों का संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग, साहित्यिक परिचर्चा तथा विशेष विमर्श आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में 'मीडिया, साहित्य एवं समाज' विषय पर विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी। साथ ही 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष सत्र भी रखा गया है। इसके अतिरिक्त युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यशालाएं एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आयोजन समिति के अनुसार इस महोत्सव का उद्देश्य साहित्य को प्रकृति और संस्कृति के माध्यम से समाज के केंद्र में स्थापित करना तथा युवा पीढ़ी को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम का समापन 17 फरवरी की प्रातः 'सरिस्का वॉक' के साथ होगा। इस पदयात्रा में प्रतिभागी सरिस्का क्षेत्र और पांडुपोल हनुमान मंदिर तक प्रकृति के सान्निध्य में भ्रमण करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से महोत्सव में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। पोस्टर विमोचन समारोह में कपिल शर्मा, नागेन्द्र, नरेन्द्र, विजय यादव, संदीप योगी, सुन्दर पांचाल, प्रभात मिश्रा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने कठूमर क्षेत्र का दौरा सौखरी में औद्योगिक क्षेत्र, सीएचसी एवं पॉली हाउस का किया निरीक्षण

### सीएचसी का निरीक्षण कर मरीजों एवं आमजन से लिया चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कठूमर क्षेत्र का दौरा कर सौखरी में विकसित किए जा रहे रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीएचसी कठूमर एवं नंगला खूबा में पॉली हाउस का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने सौखरी में रीको औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण कर रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज को केंद्र में रखकर औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं विकसित करें। इसके उरान्त उन्होंने सीएचसी कठूमर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिये कि सीएचसी में नगर पालिका से समन्वय कर नया शौचालय बनवाए। साथ ही भवन के रंग-रोगन का कार्य भी कराया जावे। सीएचसी में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना के तहत अधिकाधिक मरीजों के पैकेज बुक करें, जिससे सीएचसी की आय में इजाफा हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय परिसर एवं शौचालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर दवा, इलाज सहित सीएचसी की सुविधाओं का फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने सीएचसी की सभी सुविधाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की।

इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने गांव नंगला खूबा में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत विकसित पॉली हाउस का निरीक्षण किया, जिस पर कृषक संदीप शर्मा ने योजना के तहत पॉली हाउस के निर्माण हेतु 32 लाख रूपये का अनुदान मिलने के बारे में बताया। कृषक संदीप शर्मा ने बताया कि पॉली हाउस विकसित किए जाने से आधुनिक खेती को बढावा मिलने के साथ आय में वृद्धि हुई है। जिला कलक्टर ने उद्यान विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में आधुनिक खेती को बढावा देने हेतु योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को योजना की जानकारी देवे तथा पॉली हाउस निर्माण हेतु प्रोत्साहित करें।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी कठूमर श्याम सुंदर चेतीवाल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, उद्यान विभाग के उप निदेशक के. एल मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
12 फरवरी, 2026

# साइबर क्राइम के नेटवर्क की कमर तोड़ने वाले ठंडे दिमाग और विलक्षण प्रतिभा के धनी आईपीएस 'संजीव नैन'

**लो-प्रोफाइल के ऐसे ईमानदार, संयमित और अनुशासित ऑफिसर जो सुर्खियां बटोरने और ढिंढोरा पीटने की बजाय गहन अनुसंधान, रिसर्च स्टडी करके जटिल से जटिल अपराधों का खुलासा करने में दिखा चुके बादशाहत, ऐसे ऑफिसर जो फरियादियों की ज्यादा सुनते हैं और खुद कम बोलकर पीड़ितों को राहत दिलाने में हमेशा रहे अग्रणी, जिन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की बड़ी जनसभाओं, राहुल गांधी की यात्रा और अनेक बड़े-बड़े जन आंदोलन को शांतिपूर्वक संपादित करके 'खाकी' पर कभी भी नहीं लगने दिया दाग, ऐसे अधिकारी जिनके दिल में सड़कों पर लावारिस घूम रहे बच्चों की भलाई के लिए भी है भरपूर स्नेह**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पुरानी कहावत है- 'डाकन को नहीं डाकन की मां को मारो ताकि डाकन पैदा ही ना हो' इस कहावत का भाव बहुत ज्यादा प्रभावी और गहरा है जिसने इस कहावत के अर्थ को समझ लिया उससे बढ़कर कोई ज्ञानी नहीं और इस भाव को अगर पुलिस डिपार्टमेंट से जुड़े लोगों ने समझ कर अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को निभाया तो पुलिस की नौकरी में उसका कोई मुकाबला नहीं। कुछ इसी भाव से पिछले कई सालों से पुलिस की नौकरी में अपना उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले आईपीएस संजीव नैन के बारे में कहा जाता है कि ये अपराधी की बजाय अपराध की जड़ को नष्ट करने के प्रयासों और तरीकों पर अपना ध्यान ज्यादा केंद्रित करते हैं ताकि समाज में अपराध हो ही ना सके। हालांकि अपराध समाज से ही निकलता है इसलिए यह कहना कि अमुक अधिकारी या फिर कोई सरकार अपने फैसले और निर्णय से अपराध को जड़ से मिटा देगी इसकी कल्पना ही माना जा सकता है लेकिन आईपीएस संजीव नैन की स्टाइल और सोच के आधार पर पुलिस विभाग में कोई काम करें तो जाहिर तौर पर विभिन्न तरह के अपराधों में तेजी से गिरावट जरूर आ सकती है। क्योंकि संजीव नैन ने यह अद्भुत करिश्मा और क्रांतिकारी बदलाव अलवर में पुलिस अधीक्षक पद पर रहते हुए करके दिखाया। जिसमें उन्होंने अपने पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में अलवर जिले में साइबर क्राइम से जुड़े बड़े-बड़े ग्रुप की कमर तोड़ दी थी। इस नेटवर्क को तोड़ने में उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ काफी मेहनत मेहनत की और गहन रिसर्च, अनुसंधान, डिजिटल डाटा संकलन, आधुनिक संचार साधनों उपकरण तथा नई तकनीक की बारीकियां को समझकर और इनका बेहतर समुचित उपयोग करके संजीव नैन और उनकी टीम उन जगहों तक पहुंच गई थी जहां से साइबर क्राइम जन्म लेता है। इसलिए जिसकी गोद से साइबर क्राइम पल रहा था उस गोद की संजीव नैन ने जड़ खोद डाली उसी का नतीजा रहा की अलवर जिले में साइबर क्राइम का ग्राफ जबरदस्त तरीके से नीचे गिर गया था। अलवर जिला जो साइबर अपराध के लिए राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ था वहां साइबर अपराध से जुड़े सैकड़ों लोगों को चिन्हित करके उन्हें जेल की सलाखों में भेजा गया। कई बड़े-बड़े साइबर अपराध ग्रुप का पर्दाफाश करके उनके सारे नेटवर्क को धराशाई कर दिया जिसकी वजह से अलवर जिले में इनके कार्यकाल में साइबर अपराध की घटनाएं बहुत ही नाम मात्र की होने लगी थी जो अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आने से बच गए थे। उन्होंने अलवर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई को देखकर या तो शांत हो गए या फिर उन्होंने अपना ठिकाना बदल लिया जिसकी वजह से उस समय अलवर पुलिस राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर प्रशंसा का पात्र बन गई थी।



## लंबे समय तक प्रदेश में कई जगहों पर पुलिस उप अधीक्षक, एसीबी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस अकादमी में भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर रहे नियुक्त

संजीव नैन का वर्ष 1997 राजस्थान पुलिस सेवा में सिलेक्शन हुआ। वर्ष 2022 में पदोन्नति होने के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने आईपीएस बनने के बाद टोंक, दोसा, अलवर, जयपुर वेस्ट जिलों के एसपी बने वर्तमान में जयपुर पूर्व डीसीपी पद पर नियुक्त हैं। हालांकि अब तक की पुलिस की सर्विस में पुलिस उप अधीक्षक पद पर इन्होंने प्रदेश में अलग-अलग जगह पर सेवाएं दी जिसमें चिड़ावा, लाखेरी, श्रीगंगानगर सिटी, महुआ, लक्ष्मणगढ़, गंगापुर सिटी और कोई अन्य सर्कल में तैनात रहे। पुलिस उप अधीक्षक पद से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति होने के बाद इन्होंने एसीबी में लंबे समय तक कार्य किया और कई भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों रिश्वत लेने के पकड़े जाने की कार्रवाई में बड़ी भूमिका निभाई । पुलिस अकादमी में भी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर रहते हुए यहां प्रशिक्षण लेने आने वाले जवानों को हर तरह से पारंगत और प्रशिक्षित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई । पुलिस की फील्ड पोस्टिंग के कार्यकाल में इनके नाम अनेक ऐसी उपलब्धियां दर्ज हैं जिनका यहां शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है क्योंकि यह सब गंभीर अपराध की घटनाएं एक नहीं बल्कि अनेक हैं जिनकी अलग-अलग थ्योरी और अलग-अलग जांच की दिशाएं हैं । जिसमें किसी एक घटना का भी यहां जिक्र करें तो यह आर्टिकल काफी लंबा हो जाएगा इसलिए इस अधिकारी के बारे में इतना ही कहा जा सकता है कि इन्होंने अनेक ब्लाइंड मर्डर, डकैती, नकबजनी जैसे जटिल और गंभीर अपराधों की जांच का बेस्ट सुपरविजन करके कई बड़े-बड़े अपराधियों को जेल की सलाखों में बंद किया और खुद ने भी हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से नौकरी की और अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी ईमानदारी और निष्ठा भाव से पुलिस का फर्ज अदा करने के लिए प्रेरित करते रहे । इसी वजह से यह जहां भी जिस भी जगह पर नियुक्त रहे वहां के लोग इन्हें आज भी याद करते हैं ।

## भजनलाल सरकार को क्यों पसंद सजीव नैन ?

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा में शुरू से ही लो- प्रोफाइल के नेता माने जाते रहे हैं जिन्होंने करीब 20 साल से ज्यादा देश भाजपा कार्यालय में बैठकर हर दिन नियमित रूप से अनुशासित और संयमित तरीके से कर्मठ भाव से पार्टी के संगठन से जुड़े कार्यों को देखा और निपटाया उनके इस कार्य को भले ही प्रदेश की जनता ने नहीं देखा हो लेकिन प्रदेश भाजपा में उनकी मेहनत और उनके कार्यों पर भाजपा के दिल्ली दरबार की सालों से नजर रखी हुई थी इसलिए भले ही उन्हें मीडिया में सुर्खियां नहीं मिली हो लेकिन उनकी मेहनत,अनुशासन और पार्टी के प्रति समर्पण भाव ने उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पसंदीदा नेता के रूप में स्थापित कर दिया इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद अपने स्वभाव और नेचर के मुताबिक लो -प्रोफाइल के मेहनती, ईमानदार और समर्पित भाव से ड्यूटी देने वाले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को जनता से सीधे जुड़े महत्वपूर्ण विभागों और पदों पर नियुक्ति दे रहे हैं ताकि इसका फायदा प्रदेश की जनता को मिल सके जिसमें संजीव नैन के पूर्व के परफॉर्मेंस और उनकी वर्किंग स्टाइल को देखते हुए ही जयपुर शहर पूर्व के डीसीपी पद पर तैनात किया हुआ है। हालांकि इससे पहले जयपुर पश्चिम के डीसीपी भी रहे इसके अलावा टोंक, दोसा, अलवर जिलों के पुलिस अधीक्षक पद पर भी नियुक्त रहे, जाहिर तौर पर जयपुर की कानून और सुरक्षा व्यवस्था जयपुर पुलिस के लिए सालों से एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। एक तरफ शहर आबादी और विस्तार तेजी से बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ सड़क, रेल और वायु यातायात के नेटवर्क में तेजी से इजाफा हो रहा है जो अपराध जगत से जुड़े लोगों आवागमन में काफी सहायक बना हुआ है, ऐतिहासिक और खूबसूरत सिटी होने की वजह से देश और विदेश के पर्यटकों की पसंद का शहर तो पहले से है ही इसके अलावा देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े राजनेताओं, उद्योगपतियों, फिल्म जगत से जुड़े लोगों और विभिन्न क्षेत्र से जुड़े लोगों के पसंद का शहर भी है इसलिए इन सेलिब्रिटियों का भी यहां आना-जाना लगा रहता है, बड़े-बड़े शॉपिंग सेंटर, मेट्रो, हाई प्रोफाइल एजुकेशन सेंटर, बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटीरिंग रोड, ओवर ब्रिज इत्यादि सब कुछ से जयपुर मुंबई महानगर की तरह नजर आने लगा है इसीलिए जमीन की कीमत आसमान छू रही है इसलिए बड़े-बड़े गैंगस्टर, भू माफिया सबकी निगाहों में छाया हुआ है, विधानसभा शासन सचिवालय हाई कोर्ट बेंच और अन्य बड़े सभी सरकारी दफ्तर होने की वजह से जयपुर पुलिस के कंधों पर बहुत ज्यादा कार्य का बोझ है । राजधानी होने के नाते यहां रोजाना विशिष्ट अतिथियों और सिलेब्रटियों के शहर में इधर-उधर आने-जाने की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अलग से निभानी पड़ती है इसीलिए जयपुर कमिश्नरेट में नियुक्त छोटे बड़े सभी पुलिस अधिकारियों को अन्य जगहों की तुलना में यहां ज्यादा मेहनत और समय देने की जरूरत होती है ताकि शहर की शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पुलिस मुख्यालय ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में संजीव नैन जैसे अधिकारियों को नियुक्त करके जयपुर पुलिस को गतिशील और कर्मसील बनाने का प्रयास किया है।

## प्रदेश सरकार और पुलिस मुख्यालय का विजन और संकल्प टॉप प्रायरिटी

एक मुलाकात के दौरान संजीव नैन ने बताया कि प्रदेशसरकार, पुलिस मुख्यालय और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से उन्हें जो कार्य और विजन दिया हुआ है वह उनकी पहली प्राथमिकता है। पुलिस के जो रूटिंग के कार्य होते हैं वह कार्य सतत रूप से संपादित होते ही हैं चाहे वह पुलिस का पहरा हो या फिर होटल रेस्टोरेंट धर्मशाला बस स्टैंड रेलवे स्टेशन मुसाफिरखाना इत्यादि जगह पर नियमित चेकिंग और जांच पड़ताल की बात हो या फिर पुलिस स्टेशन स्तर पर घोषित आदतन अपराधी और उनके संपर्क सूत्रों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने की बात हो। यह सब कार्य पुलिस के रुटीन के कार्य होते हैं जिन पर वे खुद भी मॉनिटरिंग करते हैं लेकिन उनका सबसे ज्यादा फोकस फरियादियों की पीड़ा को दूर करने में हमेशा ज्यादा रहता है । इसलिए उनकी कोशिश यह रहती है कि फरियादी को अगर पुलिस स्टेशन स्तर पर ही उचित इंसाफ मिल जाए तो इससे बढ़िया पुलिस के लिए कुछ और इनाम हो ही नहीं सकता लेकिन कई बार कई वजह से स्थितियां बदल जाती है इसलिए फरियादी को समय पर सही इंसाफ नहीं मिल पाता इसलिए फरियादियों की पीड़ा सुनने के लिए वह हमेशा खुद को पूरी तरह से तैयार रखते हैं। इसके लिए फरियादी कभी भी किसी भी समय ऑफिस समय में आकर उनसे मिल सकता है इसके अलावा थाना स्तर पर बीट व्यवस्था को मजबूत करने, पुलिस की जांच सही समय पर और सार्थक ढंग से संपादित करने, मुकदमों की पेंडेंसी कम से कम हो और आमजन और पुलिस दोनों खुद को एक परिवार की की समान समझे इसके लिए उन्होंने थाना स्तर पर सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं इत्यादि के साथ पुलिस का नियमित रूप से संवाद होता रहे। क्षेत्र की तमाम तरह की गतिविधियों की जानकारी पुलिस के साथ क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग आपस में शेयर करते रहें तो यह प्रयास एक तरफ जहां शांति और कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी मददगार साबित होता है तो दूसरी तरफ आपस में संवाद होने से कई बुरी घटनाएं घट ही नहीं पाती क्योंकि पुलिस पहले ही इस तरह की घटनाओं को रोकने को लेकर प्लानिंग तैयार कर लेती है इसलिए वर्तमान परिपेक्ष में और सोशल मीडिया के इस युग में पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल और एक दूसरे की मदद का भाव रखने की दिशा में काम करने पर संजीव नैन ज्यादा ध्यान केंद्रित रखते हैं जिसमें उन्हें कामयाबी भी लगातार मिल रही है डीसीपी ईस्ट पद का इनका अब तक का कार्यकाल कई खूबियों को लेकर काफी उत्कृष्ट माना जा रहा है ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी-बड़ी जनसभाओं, राहुल गांधी की यात्रा और कई अन्य बड़े-बड़े उग्र आंदोलन को शांतिपूर्वक तरीके से निपटाकर खुद को किया साबित

: प्रदेश में टोंक, दोसा, अलवर, जयपुर वेस्ट जिलों में पुलिस अधीक्षक पद पर रहने के दौरान संजीव नैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई बड़ी-बड़ी जनसभाओं का बहुत ही व्यवस्थित तरीके से शांतिपूरक आयोजन करवाने में बड़ी भूमिका निभाई दोसा जैसे संवेदनशील जिले में पीएम मोदी की ऐसी सभा जिसमें लाखों की संख्या में भीड़ जमा थी लेकिन सभा से पहले और सभा के बाद एक पल के लिए भी किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना या फिर अशांति का माहौल देखने को नहीं मिला और ना ही ट्रैफिक जाम जैसी कोई बड़ी मुश्किल पैदा नहीं होने दी यह सब संजीव नैन की बेस्ट सुपरविजन, चतुराई और वर्किंग स्टाइल का ही परिणाम रहा जिसकी वजह से मोदी की सभाएं शांतिपूर्वक तरीके से संपादित हुई इसी तरह से राहुल गांधी की यात्रा के दौरान भी बड़ी संख्या में भीड़ जमा हुई कई किलोमीटर तक इनकी पैदल यात्रा संपादित हुई जिसमें हजारों की संख्या में वहां और उनके समर्थकों का जमावड़ा रहा लेकिन संजीव नैन के बेस्ट सुपरविजन से राहुल गांधी की यात्रा भी शानदार तरीके से संपादित हुई इसी तरह के कई बड़े-बड़े जन आंदोलन, किसान आंदोलन, युवा आंदोलन जिसमें उग्र भीड़ कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती थी लेकिन इन कठिन मौके पर संजीव खुद मौके पर पहुंचे और वहां धैर्य संयम रखते हुए हिंसा पर उतारू भीड़ की बातों को ज्यादा से ज्यादा सुना भीड़ से गर्म तेवर में बात करने की बजाय उन्हें अपने परिवार की तरह मानकर उनके साथ अच्छे माहौल और अच्छे बर्ताव से उनकी बातों को गंभीरता से अप्रिशिएट करके सरकार और आंदोलनकारी के बीच एक मजबूत मध्यस्थ की भूमिका निभाकर इन सब बड़े-बड़े उग्र आंदोलन को शांतिपूर्वक तरीके से निपटाया जिसकी वजह से पुलिस मुख्यालय और सरकार भी इनकी बुद्धि शैली और काम करने के तरीके से काफी प्रभावित रही द्य बताते हैं कि टोंक जिला पुलिस अधीक्षक पद पर रहने के दौरान इन्होंने मालपुरा में एक ऐसी पदयात्रा जिसको लेकर दो संप्रदायों के बीच लंबे समय से विवाद और टकराव बना हुआ था जिसकी वजह से यह यात्रा कई सालों से रुकी हुई थी उस यात्रा को दोबारा से शुरू करवाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका मानी जाती है आज भी मालपुरा के लोग ही नहीं बल्कि टोंक जिले की हर जाति और संप्रदाय के लोग इन्हें इनके अच्छे कार्यों और अच्छे स्वभाव की वजह से याद करते हैं मालपुरा काफी संवेदनशील इलाका है यहां सांप्रदायिक तनाव की खबरें सालों से सुर्खियों में बनी रहती हैं इसलिए यहां पर दो संप्रदायों के बीच आपस में मेलजोल करवाना किसी अधिकारी के लिए आसान कार्य नहीं था लेकिन ठंडे दिमाग मधुर वाणी और अपने मिलनसार व्यवहार से दो अलग-अलग संप्रदाय के लोगों के बीच आपस में प्यार और मोहब्बत का माहौल कायम करवा कर 5 साल से रुकी यात्रा को दोबारा से शुरू करवाया द्य इसी तरह से प्रदेश में अलग-अलग समय पर हुए गुर्जर आंदोलन में भी अपनी फील्ड पोस्टिंग के दौरान संजीव नैन ने आंदोलनकारी को ठंडे दिमाग से और एक अच्छे बातचीत के माहौल से उन्हें शांत करने का भरपूर प्रयास किया गुर्जर आंदोलन के दौरान पुलिस के सामने कई तरह की बड़ी-बड़ी चुनौतियां और बड़ी-बड़ी मुश्किलें खड़ी रही लेकिन संजीव नैन हमेशा आंदोलन करने वाले लोगों से डंडे की वजह बातचीत के माध्यम से ही मामले को शांत करने की दिशा में कार्य करते हुए नजर आए थे इनके इन प्रयासों को गुर्जर आंदोलन से जुड़े नेता आज भी सलूट करते हैं संजीव नैन भले ही नियम और कानून की पालना करवाने में काफी कठोर दिल रखते हैं लेकिन उनके दिल में गरीब और कच्ची बस्तियों में रहने वाले परिवारों और उनके बच्चों की भलाई के लिए कोमल हृदय भी रखते हैं हालांकि संजीव नैन का जन्म मध्यम श्रेणी परिवार में हुआ लेकिन अभाव की जिंदगी जी रहे बच्चों के कल्याण और विकास के लिए अपनी ओर से जितना कुछ हो सकता है उतना करते हैं अभी मकर संक्रांति के दिन इन्होंने बाकायदा कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ पतंग उड़ा कर एंजॉय किया और उन्हें पतंग भी गिफ्ट करके उन्हें अपराधों से दूर रहने और एक श्रेष्ठ नागरिक पढ़ने के लिए पढ़ाई पर ध्यान फोकस करने को कहा जिसको बच्चों ने अप्रिशिएट भी किया जब भी संजीव नैन को समय और मौका मिलता है वह भाव की जिंदगी जी रहे बच्चों को उनके अंदर छुपी प्रतिभा से उन्हें अवगत करवाने और उन्हें एक बेहतर और श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए कच्ची बस्तियों में पहुंच जाते हैं उनकी यही सरल और दया भाव उन्हें अन्य पुलिस अधिकारियों से थोड़ा अलग बना देता है

## जितना पुलिस पब्लिक के लिए सोचती है उतना ही पब्लिक भी पुलिस के लिए सोचे

संजीव नैन राजस्थान पुलिस सेवा 1997 कैडर के अधिकारी हैं 1997 से लेकर अब तक इतनी लंबी पुलिस की सर्विस में इन्हें कई बार अच्छे और बुरे दोनों अनुभव हासिल हुए जिसमें सबसे ज्यादा पीड़ा इन्हें उस समय होती है जब किसी मामले में पुलिस रात दिन मेहनत करके और कई तरह की चुनौतियों और मुश्किलों का सामना करते हुए अपराधियों को कोर्ट तक ले जाती है लेकिन कोर्ट में जाकर वही पीड़ित जिसने इंसाफ के लिए पुलिस स्टेशन में अर्जी लगाई थी वही कोर्ट में जज और वकील के सामने दोषी व्यक्ति से राजीनामा और समझौता कर लेता है। इस तरह के कई मामले इन्होंने अपनी आंखों से देखे तो फिर कहीं ना कहीं पुलिस अधिकारी यह सोचने को मजबूर हो जाता है कि उसने जिस मामले में इतनी मेहनत और भागदौड़ की उसका प्रतिफल आखिर क्या मिला, अपराधी तो अपराध करके भी सीना तानकर कोर्ट परिसर से ही चला गया और पीड़ित खुश होकर अपने घर लौट गया । लेकिन उस जांच अधिकारी की मेहनत को क्या मिला जिसने दिन रात मेहनत करके अपराधी को पकड़ा। इसलिए एक मुलाकात के दौरान संजीव नैन जोर देकर कहा कि जब पुलिस पब्लिक के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है तो फिर पब्लिक को भी पुलिस के बारे में सोचना चाहिए। जब तक पब्लिक और पुलिस के बीच एक मजबूत विश्वास और दोस्ती का रिश्ता कायम नहीं होगा तब तक अपराधियों में अपराध करने की प्रवृत्ति में गिरावट नहीं आएगी। क्योंकि एक बार कोर्ट में समझौता और राजीनामा करने के बाद वह फिर से पुराना अपराध जरूर दोहराने की कोशिश करेगा। इसलिए पब्लिक पुलिस को परिवार का सदस्य समझे और अपने यहां आस-पास जितनी भी अच्छी और बुरी गतिविधियां हो उनके बारे में पुलिस के साथ संवाद करती रहे, संदिग्ध लोगों की जानकारी पुलिस के साथ निरंतर शेयर करती रहे। पुलिस के साथ ज्यादा से ज्यादा वार्तालाप करें तो आधे से ज्यादा कार्य अपने आप ही आसान हो जाता है जिसका पूरा फायदा पब्लिक को भी मिलता है। उन्होंने यह भी कहां की पुलिस विभाग में कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल और अन्य पदों पर बैठे पुलिस कर्मचारी जो 18 से 24 घंटे ड्यूटी देते हैं कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी पब्लिक के हितों की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं ऐसे पुलिस कर्मियों और इनके परिवारों के कल्याण और विकास के लिए सरकारों के प्रयास तो सतत रूप से चलते ही रहते हैं इसके अलावा सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों भामाशाह और दानदाता इनको पुलिस वेलफेयर के लिए ज्यादा से ज्यादा आगे आना चाहिए। जिसकी वजह से पुलिस और पब्लिक के बीच एक तरफ जहां मित्रता का भाव और मजबूत होगा तो दूसरी तरफ पुलिस कर्मियों में भी ड्यूटी के प्रति निष्ठा भाव और गहरा मजबूत होगा। क्योंकि जब उन्हें यह महसूस होगा कि समाज हमारे लिए इतना सब कुछ कर रहा है तो फिर हम पीछे क्यों रहे । उन्होंने कहा कि भामाशाह और दानदाता पुलिस डिपार्टमेंट को छोड़कर अन्य जगहों पर खूब पैसा दान करते हैं बड़ी-बड़ी जमीन भी दान में देते हैं लेकिन पुलिस के वेलफेयर के ढांचे को मजबूत करने और पुलिस के संगठन के ढांचे को मजबूत करने में भामाशाह ज्यादा आगे नहीं आते जबकि प्रदेश में कई पुलिस स्टेशन जगह की कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन इस समस्या की तरफ सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन, भामाशाह और दानदाता का ध्यान ज्यादा केंद्रित नहीं होता यह देखकर बड़ा अजीब लगता है जबकि पुलिस जैसे संवेदनशील डिपार्टमेंट के लिए भामाशाह और दानदाताओं को ज्यादा आगे आना चाहिए ।

## टाइम पंक्चुअल और सरकारी दफ्तर के दरवाजे फरियादियों के लिए हमेशा रखते हैं खुला

संजीव नैन टाइम पंक्चुअल ऑफिसर हैं। जितने सरल और सौम्य है उतने ही नियम और कानून की पालना करवाने में कठोर, कठिन से कठिन और जटिल से जटिल फाइल की अबूझ पहेलियों को भी सुलझाने में इन्हें काफी महारथ हासिल है। वजह यही है कि अगर कोई फरियादी आ जाए तो उसकी फरियाद सुनते हैं कोई अधीनस्थ अधिकारी आ जाए तो उसके साथ सरकारी मीटिंग कर लेते हैं या कोई बड़ा अधिकारी बुलाए तो उनके यहां चले जाते हैं और फिर जैसे ही थोड़ा सा भी समय बचता है तो फिर वापस अपना दिमाग जटिल फाइल के पन्नों की गुत्थी को सुलझाने में व्यस्त हो जाते हैं। टाइम मैनेजमेंट का इनका यह अपना अनूठा स्टाइल है जिसमें एक-एक पल को इन्होंने पुलिस की सेवा में समर्पित किया हुआ है। इसलिए आज उनकी गिनती भारतीय पुलिस सेवा के कर्मठ और मेहनती अधिकारियों में होती है बड़ी बात यह है कि निर्धारित समय से पहले अपने दफ्तर पहुंचते हैं और कोई जरूरी मीटिंग या जरूरी कार्य होने पर ही दफ्तर को छोड़ते हैं अन्यथा सुबह से लेकर देर शाम तक अपने दफ्तर में रहते हैं ।

## शिक्षा जगत के अपने पूर्व के अनुभव का पुलिसिंग में कर रहे हैं बेहतर इस्तेमाल

डीसीपी ईस्ट संजीव नैन के पूर्वज उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले हैं और इनका जन्म भी बागपत में ही हुआ । लेकिन इनके पिताजी भरतपुर में गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेसर पद पर लंबे समय तक रहे इसलिए उन्होंने भरतपुर सिटी में ही अपना स्थाई निवास बना लिया। इसके अलावा इनकी माता भी भरतपुर सिटी में ही सरकारी स्कूल में टीचर रही इसकी वजह से संजीव नैन की स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई भरतपुर में ही संपादित हुई। बाद में राजस्थान यूनिवर्सिटी से इन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट भी किया । इस दौरान इन्होंने उत्तर प्रदेश के आगरा से शिक्षक प्रशिक्षण का कोर्स भी कंप्लीट कर लिया जिसकी वजह से अपने माता-पिता की तरह यह भी सरकारी शिक्षक बन गए। इस तरह से इन्हें बचपन से ही अपने उच्च शिक्षित माता-पिता से मिले अच्छे संस्कार, अनुशासित और संयमित जीवन और सत्यपरक वैचारिक मूल्य के समावेश से उनकी जीवन की गाड़ी एक्जिस्ट और सफल नागरिक बनने की दिशा में दौड़ ही रही थी कि सरकारी शिक्षक पद पर रहने के दौरान ही जीवन में कुछ और नया करने की तमन्ना और लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने की ललक ने इन्हें राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा देने के लिए आतुर किया। जिसमें इन्हें सफलता भी मिली और यह राजस्थान पुलिस सेवा के लिए चुन लिए गए, राजस्थान पुलिस सेवा में जॉइनिंग के बाद इनकी जीवन शैली तो काफी बदल गई लेकिन बचपन से मिले संस्कार और अपने शिक्षक जमाने के पूर्व के अनुभव का अपनी पुलिस की नौकरी में बेहतर तरीके से उपयोग किया । जिसमें इन्होंने सबसे ज्यादा फोकस इसी बात पर रखा की दुनिया की कोई भी बड़ी जंग ताकत से नहीं बल्कि बुद्धि से जीती जा सकती है चाहे कोई कितना ही मुश्किल और कठिन कार्य हो उसे बुद्धि से आसानी से संपादित किया जा सकता है। इसलिए पुलिस का तो मुकाबला सीधा अपराध जगत से ही होता है जिसमें सोशल मीडिया के इस युग में अपराधी और अपराध के तरीकों में जोरदार बदलाव आ गया है और आधुनिक युग में अपराध जगत में हाई प्रोफाइल स्टडी करने वाले और चतुर लोगों वाले लोगों का ज्यादा जमावड़ा है ऐसे में आईपीएस संजीव नैन ने अपने जीवन की किताब के उस अध्याय को पढ़ा जिसमें शिक्षक को उसकी बुद्धि, नैतिक आचरण, अनुशासित और संयमित जीवन से समाज का दर्पण और समाज का निर्माता माना जाता है इसलिए पुलिस की नौकरी में आने के बाद संजीव नैन ने पुलिस के उस चेहरे को ज्यादा पसंद नहीं किया जिसमें यह माना जाता है कि पुलिस सिर्फ ताकत और डंडे से ही अपराध को काबू में कर सकती है । इस धारणा को इस पूर्व शिक्षक, पुलिस अधिकारी ने पूरी तरह से बदलने का प्रयास किया और अपराधी की बजाय अपराध की जड़ों को अपने बुद्धि कौशल, गहन अनुसंधान, रिसर्च, स्टडी के माध्यम से बिना ताकत आजमाएं नष्ट करने की दिशा में इन्होंने ज्यादा कार्य किया। जिसमें इन्हें काफी सफलता भी मिली राजस्थान पुलिस सेवा की सर्विस में प्रदेश में अलग-अलग जगह पर पुलिस उप अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और जिला पुलिस अधीक्षक पद पर कार्य करते हुए इन्होंने कई कठिन और विपरीत परिस्थितियों वाले बड़े-बड़े मामलों, बड़े-बड़े जन आंदोलन को तो शांतिपूर्वक तरीके से हल किया ही इसके अलावा दर्जनों गंभीर जटिल अपराध की विभिन्न वारदातों का भी खुलासा करके बड़े-बड़े अपराधियों को जेल में बंद किया, यह उपलब्धियां संजीव नैन ने अपने बुद्धि कौशल और चतुर दिमाग की वजह से ही हासिल की क्योंकि शिक्षक माता-पिता की गोद में पले और फिर खुद भी शिक्षक बने इसलिए इस बात को बेहतर तरीके से जानते हैं कि आज के सोशल मीडिया के जमाने में चतुर दिमाग वाले शातिर अपराधियों से डंडे के जोर पर नहीं बल्कि बुद्धि के बल से निपटा जा सकता है इसीलिए इनका अपना काम करने का अपना एक अलग फंडा है, वह यह की जहां अपराध जन्म लेता है उस जगह पहुंच कर जगह का नाम मिटा दो ताकि अपराध जन्म ही ना ले सके इसी मिजाज के साथ संजीव नैन पुलिस विभाग में अपने काम और ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं जिसमें कई उल्लेखनीय सफलताएं अपने अकाउंट में दर्ज करवाते हुए खुद का भी और पुलिस का भी मान सम्मान बढ़ा रहे हैं ।

## कहानी

### भक्त आलोक

यह प्राचीन काल की बात है । एक नगर में आलोक नामक एक स्वर्णकार रहते थे । सोने के आभूषण बनानेवाले को स्वर्णकार कहते हैं । आलोक भगवान श्रीकृष्णजी के अनन्य भक्त थे । वे सदैव भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहते थे और संतसेवा करते रहते थे । आलोक जिस नगर में रहते थे, वहां की राजकुमारी का विवाह था । राजा को राजकुमारी के लिए सोने की पायलें बनवानी थी । उन्होंने स्वर्णकार आलोक को बुलाया तथा आलोक स्वर्णकार को सोना देकर विवाह से पूर्व पायलें बनाने का आदेश दिया । आलोक एक भगवद्भक्त थे तथा प्रतिदिन उनके घर पर अनेक संत महात्मा आते थे । आलोक भी संत महात्माओं को भगवान मानकर उनकी यथोचित सेवा सत्कार करते थे । आलोक संतों की सेवा में इतने व्यस्त रहते थे कि दिनभर में उनको अपने अन्य कार्यों के लिए थोडा सा भी समय नहीं मिल पाता था । इसलिए वह आभूषण नहीं बना पाए थे ।


राजा आभूषण के लिए स्वर्णकार आलोक के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे । राजकुमारी के विवाह में केवल दो दिन शेष रह गए थे; परंतु अभी तक आलोक ने पायलें राजा तक नहीं पहुंचाई थीं । इसपर राजा को बहुत गुस्सा आया । उसने अपने सैनिकों को आलोक को पकडकर लाने का आदेश दिया । सैनिकों ने राजा के आदेश का पालन करते हुए, कुछ ही समय में भक्त आलोक को राजाके सम्मुख लाकर खडा कर दिया । राजा ने आलोक से ऊंची आवाज में कहा, 'आलोक तुमने अभी तक पायलें बनाकर नहीं दी हैं, राजकुमारी के विवाह में केवल दो दिन शेष रह गए हैं, तुब कब तक बना कर दोगे ?' आलोक बोला , 'महाराज ! अभी राजकुमारी के विवाह में दो दिन शेष हैं । अब थोडा ही काम शेष रह गया है, मैं आपको समय से पूर्व पायल बनाकर दे दूंगा । यदि मैं ठीक समय पर पायल बनाकर न ला पाऊं तो आप मुझे जो चाहे वह दंड दे सकते हैं ।' राजा ने आलोक को पायल बनाने के लिए और समय दे दिया । राजकुमारी के विवाह का दिन भी आ गया, परंतु संतसेवा के कारण भक्त आलोक अभीतक पायलें नहीं बना पाए थे । वह जानते थे कि समय पर राजा को आभूषण न मिलने के कारण अब तो राजा मुझे अवश्य ही मृत्यु दंड देंगे । वह भगवान के मंदिर में जाकर उनके चरणों के पास बैठ गए । आलोक ने आभूषण नहीं पहुंचाए थे, इसलिए राजा के चार-पांच सैनिक आभूषण लेने के लिए आलोक के घर आए । परंतु भक्त आलोक तो भगवान के मंदिर में उनकी शरण में ध्यानमग्न होकर बैठे हुए थे । आलोक तो भगवान श्रीकृष्ण के भक्त थे । भगवान श्रीकृष्णजी उनकी चिंता को जानते थे । अपने भक्त पर आए हुए संकट को देखकर उन्होंने अपनी एक अद्भुद लीला की । अपने सच्चे भक्त की सहायता करने के लिए स्वयं भगवान श्रीकृष्णजी ने आलोक का रूप धारण कर लिया और आलोक के घर में प्रकट हो गए । आप तो जानते ही हैं कि भगवान सर्व शक्तिमान होते हैं, उन्होंने अपने संकल्प से ही अतिसुंदर पायलें बना दीं ।

राजा के सिपाही आलोकरूपी भगवान को पकडकर राजा के पास लेकर पहुंचे । आलोक ने राजा को पायलें प्रदान की । सुंदर पायल देखते ही राजा अत्यधिक प्रसन्न हो गए । राजा ने आलोक रूपी भगवान को मूल्यवान पुरस्कार देकर बिदा किया । आलोक का रूप धारण किए भगवान श्रीकृष्ण राजा से मिला धन लेकर आलोक के घर आ पहुंचे । उन्होंने दूसरे दिन सुबह ही आलोक के घर पर बहुत बडा उत्सव किया । उसमें अनेक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए । साधु-ब्राह्मणों को भोजन करवाया । उसके बाद भगवान ने एक संत का रूप धारण किया और साधु संतो के भोजन के बाद बचे हुए प्रसाद को झोली में भरकर वे पुनः मंदिर में प्रकट हो गए, जहां आलोक अभी भी ध्यान लगाकर बैठे थे । भक्त आलोक को वह प्रसाद देकर संत रूपधारी भगवान ने कहा, 'वत्स, नगर में जो आलोक नाम का व्यक्ति रहता है, मैं उसके घर गया था । उसने कई साधु-संतों को भोजन करवाया है, दानधर्म किया है । मैं वहीं से यह भोजन लाया हूं, तुम इसे ग्रहण करो ।' आलोक ने आश्चर्य से पूछा, कौन आलोक ? भगवान ने आलोक का पूरा वर्णन बताया । उन्होंने बताया कि आलोक द्वारा बनाए आभूषणों को देखकर राजा अत्यंत प्रसन्न हो गए

# एआई के खतरों से सावधान रहें

*न केवल शारीरिक श्रम, बल्कि बौद्धिक, पेशेवर और रचनात्मक कामकाज के मामले में भी एआइ प्रभुत्व दिखा रही है। एआइ के साथ उत्पादकता तो बढ़ रही है, पर रोजगार सृजन उस हिसाब से नहीं हो रहा है। इससे साझा समृद्धि की राह प्रशस्त होने से रही। यानी विषमता बढ़ेगी। प्रकृति और स्वरूप में भी एआइ पिछली तकनीकों की तुलना में अलग है। इसका कोई प्रतिरूप एक बार आकार लेने पर यह सीमांत लागत को शून्य तक करने में सक्षम है। यह स्वाभाविक रूप से एकाधिकार की स्थिति निर्मित करता है। कुछ देशों की चुनिंदा कंपनियों द्वारा विशेष प्रतिरूपों में महारत हासिल करने से यह झलकता भी है। तमाम विश्लेषकों को आशंका सता रही है कि एआइ बड़े स्तर पर हलचल मचा सकती है। यह मानव समाज के संतुलन को भी प्रभावित करने में सक्षम है। आज उत्पादकता और क्षमताएं निरंतर बढ़ रही हैं। वस्तुएं सस्ती हो रही हैं। सेवाओं का स्तर सुधरा है। भौतिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। एआइ को सफलतापूर्वक अपनाने वाले देश तेज आर्थिक वृद्धि कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है। जीवन प्रत्याशा बढ़ी है और बीमारियों पर बोझ घट रहा है। जीवन के विस्तार और काम का दायरा सिकुड़ने पर जननांकीय लाभांश अपने अर्थ खो देता है।*

*इस परिदृश्य में विदेश से भेजी जाने वाली धनराशि पर निर्भर राष्ट्र-समाज समस्याओं का सामना करते हैं। तब गरिमा और*




पिछले एक दशक के दौरान दुनिया जितनी तेजी से बदली है, उसे देखते हुए अगले दस-बीस वर्षों के संभावित परिवर्तनों की थाह लेना आवश्यक हो गया है। मानव इतिहास के अधिकांश दौर में अभाव जैसे पहलू ने ही सभ्यताओं का तानाबाना रचा है। फिर चाहे यह खानपान का अभाव हो, जमीन, श्रम, पूंजी या कालांतर में ज्ञान का। हमारे आर्थिक सिद्धांतों का उद्भव एवं राजनीतिक संस्थानों का विकास भी अभाव प्रबंधन पर केंद्रित रहा।

मशीनी कौशल यानी एआइ में इस पारंपरिक परिदृश्य को पलटने की क्षमता है। यदि बीसवीं सदी अभावों से पार पाने से जुड़ी थी तो आने वाला दशक अधिशेष के साथ संतुलन की चुनौती के नाम हो सकता है। नए परिदृश्य में तकनीक जितनी तेजी से आगे बढ़ रही है, उस लिहाज से हमारी संस्थाएं पिछड़ती जा रही हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि उन नीतिगत उपायों पर विचार किया जाए जो एआइ से उत्पन्न उथल-पुथल से निपटने में कारगर साबित हो सकें। पारंपरिक अर्थशास्त्र में उत्पादन के चार प्रमुख कारक-श्रम, पूंजी, भूमि और तकनीक माने गए हैं। तकनीक ने हमेशा श्रम को सहयोग प्रदान किया है। प्रत्येक तकनीकी संक्रमण उत्पादकता एवं पारिश्रमिक बढ़ाने के साथ ही मांग के विस्तार और नई नौकरियों का माध्यम बना है। इससे कुछ असुविधा होती भी थी तो बस तात्कालिक ही न कि स्थायी, मगर एआइ से यह रुझान पलट सकता है। पहली बार तकनीक सीधे तौर पर श्रम को प्रतिस्थापित करती दिख रही है। न केवल शारीरिक श्रम, बल्कि बौद्धिक, पेशेवर और रचनात्मक कामकाज के मामले में भी एआइ प्रभुत्व दिखा रही है। एआइ के साथ उत्पादकता तो बढ़ रही है, पर रोजगार सृजन उस हिसाब से नहीं हो रहा है। इससे साझा समृद्धि की राह प्रशस्त होने से रही। यानी विषमता बढ़ेगी। प्रकृति और स्वरूप में भी एआइ पिछली तकनीकों की तुलना में अलग है। इसका कोई प्रतिरूप एक बार आकार लेने पर यह सीमांत लागत को शून्य तक करने में सक्षम है। यह स्वाभाविक रूप से एकाधिकार की स्थिति निर्मित करता है। कुछ देशों की चुनिंदा कंपनियों द्वारा विशेष प्रतिरूपों में महारत हासिल करने से यह झलकता भी है। तमाम विश्लेषकों को आशंका सता रही है कि एआइ बड़े स्तर पर हलचल मचा सकती है। यह मानव समाज के संतुलन को भी प्रभावित करने में सक्षम है। आज उत्पादकता और क्षमताएं निरंतर बढ़ रही हैं। वस्तुएं सस्ती हो रही हैं। सेवाओं का स्तर सुधरा है। भौतिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। एआइ को सफलतापूर्वक अपनाने वाले देश तेज आर्थिक वृद्धि कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है। जीवन प्रत्याशा बढ़ी है और बीमारियों पर बोझ घट रहा है। जीवन के विस्तार और काम का दायरा सिकुड़ने पर जननांकीय लाभांश अपने अर्थ खो देता है। इस परिदृश्य में विदेश से भेजी जाने वाली धनराशि पर निर्भर राष्ट्र-समाज समस्याओं का सामना करते हैं। तब गरिमा और आजीविका के आधार के रूप में रोजगार का विचार संकट का शिकार होने लगता है। संसाधनों का संकेंद्रण भी एआइ के मोर्चे पर पैदा होने वाली एक और समस्या है। ऐसे में संसाधनों के पुनर्वितरण के लिए कोई कारगर नीतिगत उपाय खोजना ही होगा। इसके अभाव में व्यापक आर्थिक दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। एआइ के चलते सीखने-समझने की क्षमताओं पर भी संकट मंडराता दिख रहा है। जब मशीन ही फैसले लेने में भूमिका निभाने लगेगी तो लोगों में सीखने के प्रति झुकाव घटने का अंदेशा बढ़ता है। इतिहासकार डेविड रोकलिन ने यह रेखांकित भी किया था कि आटो-पायलट मोड पर अत्यधिक निर्भरता संकट के समय पायलटों के हाथ-पांव फुला देती है। बड़ा खतरा यह नहीं कि मशीन किसी इंसान की भांति काम करे, बल्कि यह खतरा कहीं विकराल होगा कि इंसान ही मशीन की तरह व्यवहार करने लगे।

एआइ की वजह से फर्जी सूचनाओं और तमाम संदिग्ध सामग्री का सैलाब भी संकट बढ़ा रहा है। इससे भरोसे की भावना पर आघात पहुंचा है। सत्य और मिथ्या को लेकर ऐसा जाल बुना जा रहा है कि लोग भ्रमित हो रहे हैं। एआइ पर पकड़ रखने वाले और ताकतवर बनने की राह पर हैं। इसके दम पर नव-धनकुबेरों का उभार हो रहा है। भू-राजनीतिक संदर्भ में भी एआइ विषमता बढ़ा रही है, क्योंकि आधुनिक तकनीक से वंचित देश स्वतः पिछड़ते जाएंगे। किसी देश की संप्रभुता पर किसी अन्य देश से संचालित हो रहे एलगोरिदम से ग्रहण लग सकता है। इस सबके बावजूद अगर सही नीतिगत उपाय किए जाएं तो एआइ बहुत सकारात्मक परिवर्तन भी कर सकती है। इसके लिए एआइ को तकनीकी उपकरण से अधिक सभ्यतागत शक्ति के रूप में देखना होगा। एआइ का उपयोग मानव की जगह लेने के बजाय उसकी क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित होना चाहिए। एआइ उन तमाम समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है, जिसके लिए असाधारण मानवीय प्रयासों की आवश्यकता पड़ती है। जैसे कि बाहरी-अंतरिक्ष में कोई नया मोर्चा खोलना, गहरे समुद्र या पृथ्वी की जटिल परतों के रहस्यों को सुलझाना। इससे कई ग्रहों पर मानवीय जीवन को संभव बनाया जा सकता है। हम प्रकृति को बेहतर तरीके से समझकर उसके कुशल प्रबंधन के मंत्र समझ सकते हैं। तथ्यों एवं सूचनाओं के सत्यापन के लिए भी इसकी सेवा कारगर होगी। यह स्वीकारने में कोई संदेह नहीं कि एआइ कितनी भी क्षमताएं अर्जित कर ले, लेकिन उसका प्यार, देखभाल, समानुभूति और नैतिक दायित्वों जैसी मानवीय भावनाओं से युक्त होना संभव नहीं है।

## सम्पादकीय

### मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट का साफ निर्देश



लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सोमवार को सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग ने माना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की नहीं है, बल्कि राज्य सरकारों की भी इसमें अहम भूमिका है। इसके लिए पर्याप्त और सक्षम कर्मी उपलब्ध कराने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इसमें सियासत को दूर रखकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सहयोग एवं समन्वय के साथ काम करेंगे। चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में कुछ और कर्मियों को पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात करने की मांग करता रहा है, जिस पर राज्य सरकार अब जाकर राजी हुई है। अगर सरकार इस पर पहले ही हामी भर देती, तो इस कार्य में लगे अन्य कर्मियों को भी काम का दबाव नहीं झेलना पड़ता, जिसको लेकर राज्य में सत्तारूढ़ दल की ओर से ही सवाल उठाए जाते रहे हैं।

*इस पर हंगामा शुरू हो गया, जो कई दिनों तक जारी रहा। हालांकि राहुल गांधी इस पुस्तक के एक पत्रिका में प्रकाशित अंश को प्रमाणित करने का दावा कर रहे थे, लेकिन इसके बाद भी उन्हें अपनी बात कहने की इजाजत नहीं दी गई। इस पर जो हंगामा शुरू हुआ, वह कई दिनों तक जारी रहा। जनरल नरवणे ने अपनी पुस्तक में क्या लिखा है, इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं, क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने इस पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है, पर उसके कुछ अंश सार्वजनिक हो चुके हैं। राहुल गांधी इन्हीं अंशों का लोकसभा में उल्लेख कर यह कहना चाहते थे कि जब चीनी सेना आक्रामक रवैया अपनाए थी, तब प्रधानमंत्री ने साहस का परिचय नहीं दिया और उन्होंने सेना को समुचित निर्देश भी नहीं दिए। कोई भी समझ सकता है कि वे यही साबित करना चाह रहे हैं कि प्रधानमंत्री चीन की आक्रामकता से डर गए। राहुल गलवन की*

# राहुल गांधी के बोलने का कितना असर?



संसद के बाहर सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के आपसी रिश्ते कैसे भी हों, संसद के भीतर और यहां तक कि संसद परिसर में भी उनके बीच एक तरह का बैर भाव दिखता है। इसका एक उदाहरण राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच के उस संवाद से मिला, जिसमें राहुल गांधी ने जब बिट्टू को गद्दार दोस्त कहा तो जवाब में उन्हें उनसे देश का दुश्मन सुनना पड़ा। इसके पहले राहुल गांधी की उपस्थिति में ही पक्ष-विपक्ष के सांसदों के बीच धक्कामुक्की भी हो चुकी है, जिसमें सत्तापक्ष के एक सांसद प्रताप सिंह सारंगी को चोट भी लगी थी। इस मामले में एफआइआर भी दर्ज हुई थी। पता नहीं उसका क्या हुआ। संसद के भीतर तो पक्ष-विपक्ष के बीच न जाने कितनी बार झड़प हो चुकी है। विपक्षी सांसदों को कई बार उनके उग्र और अमर्यादित व्यवहार के लिए निलंबित भी किया जा चुका है। पिछले दिनों भी लोकसभा से आठ सांसदों को निलंबित किया गया। जब ऐसा होता है तो संसद का चलना और कठिन हो जाता है। यह बहुत आम है कि संसद के प्रत्येक सत्र के प्रारंभ में कई दिनों तक केवल हंगामा होता रहता है। इस सत्र में लोकसभा में कई दिन तक इसलिए हंगामा होता रहा, क्योंकि राहुल गांधी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के समय चीन के अतिक्रमणकारी रवैये को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के हवाले से कुछ कहना चाह रहे थे। उन्हें इस आधार पर इसकी अनुमति नहीं मिली, क्योंकि यह पुस्तक अभी प्रकाशित नहीं हुई है। राहुल गांधी का तर्क था कि वे एक पत्रिका में पुस्तक के अंश का उल्लेख करना चाह रहे हैं। उन्हें इसकी भी अनुमति नहीं मिली। इस पर हंगामा शुरू हो गया, जो कई दिनों तक जारी रहा। हालांकि राहुल गांधी इस पुस्तक के एक पत्रिका में प्रकाशित अंश को प्रमाणित करने का दावा कर रहे थे, लेकिन इसके बाद भी उन्हें अपनी बात कहने की इजाजत नहीं दी गई। इस पर जो हंगामा शुरू हुआ, वह कई दिनों तक जारी रहा। जनरल नरवणे ने अपनी पुस्तक में क्या लिखा है, इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं, क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने इस पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है, पर उसके कुछ अंश सार्वजनिक हो चुके हैं। राहुल गांधी इन्हीं अंशों का लोकसभा में उल्लेख कर यह कहना चाहते थे कि जब चीनी सेना आक्रामक रवैया अपनाए थी, तब प्रधानमंत्री ने साहस का परिचय नहीं दिया और उन्होंने सेना को समुचित निर्देश भी नहीं दिए। कोई भी समझ सकता है कि वे यही साबित करना चाह रहे हैं कि प्रधानमंत्री चीन की आक्रामकता से डर गए। राहुल गलवन की घटना के बाद से ही यह साबित करने की कोशिश करते चले आ रहे हैं कि प्रधानमंत्री चीन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से हिचक गए। उनका यह रवैया नया नहीं है। जब डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने थे, तब उन्होंने विवाद समझने के लिए भारतीय विदेश या रक्षा मंत्रालय से संपर्क साधने के बजाय चीनी राजदूत से मिलना आवश्यक समझा था। वे विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना गुपचुप रूप से उनसे मिलने पहुंच गए थे। राहुल गांधी प्रधानमंत्री को कमजोर साबित करने के लिए यह भी दावा करते रहे हैं कि उनके पीएम रहते चीन ने भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। वे एक बार यहां तक कह गए थे कि चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों को पीट रहे हैं। इस पर उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ा। वे राफेल विमान सौदे पर प्रधानमंत्री को भ्रष्ट साबित करने के लिए यह कह भी चुके हैं कि उन्होंने अपने मित्रों को दलाली खाने का अवसर दिया।

# अविश्वास का प्रस्ताव

लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच का गतिरोध तो टूट गया और बजट पर चर्चा भी शुरू हो गई, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ जिस तरह अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की, उससे यह स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के रिश्ते और अधिक कटु होने वाले हैं। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ सकता है। फिलहाल कहना कठिन है कि इस अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले विपक्ष ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की थी। आसार यही हैं कि जैसे वह अविश्वास प्रस्ताव कहीं नहीं पहुंच सका था, उसी तरह इस अविश्वास प्रस्ताव का भी कोई भविष्य नहीं। लोकसभा



स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया। साफ है कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी यह सिद्ध करना चाह रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष चीन के मामले में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के एक पत्रिका में छपे कथित अंशों के माध्यम से जो कुछ कहना चाह रहे हैं, वह इतना विस्फोटक और सनसनीखेज है कि मोदी सरकार संकट में पड़ जाएगी। यह एक तरह का दिवास्वप्न ही है, क्योंकि सब जानते हैं कि पिछले छह वर्षों में राहुल गांधी के ऐसे बयानों का कहीं कई असर नहीं हुआ। सच तो यह है कि उनके वे बयान भी असरहीन रहे, जिन्हें उन्होंने एटम बम वगैरह की संज्ञा दी थी। चीन के मामले में राहुल गांधी एक तरह से गड़े मुर्दे उखाड़ने का काम कर रहे हैं। वे 2020 में गलवन में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच की झड़प के बाद की घटना पर जनरल नरवणे की जिस पुस्तक के बहाने यह बताना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री चीनी सेना की आक्रामकता से डर गए थे, वह अब तक अप्रकाशित है। इसे प्रकाशक ने भी स्पष्ट कर दिया है और खुद जनरल नरवणे ने भी। आखिर ऐसे में राहुल गांधी उनकी कौन सी पुस्तक दिखाते फिर रहे हैं? वे अपने पक्ष को कमजोर ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि यह भी रेखांकित कर रहे हैं कि एक पुराने मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। राहुल कुछ भी कहने की कोशिश करें, यह किसी से छिपा नहीं कि खुद जनरल नरवणे कई बार यह कह चुके हैं कि भारतीय सेना ने चीनी सेना को सबक सिखाया था।

यह भी सब जानते हैं कि भारतीय सेना की मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई के कारण ही चीन वार्ता की मेज पर आया था और सीमा पर कई क्षेत्रों में यथास्थिति कायम हुई। यह साफ है कि राहुल गांधी को इससे कोई मतलब नहीं। उनका एक सूत्रीय एजेंडा राजनीतिक कलह बढ़ाना है।

## बालावाला स्कूल की 21 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के कस्बा बालावाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को कक्षा 9 में अध्ययनरत 21 छात्राओं को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण शर्मा के निर्देशन में आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य शशि पांडे ने बताया कि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देना और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने राज्य सरकार की अन्य योजनाओं जैसे स्कूटी योजना, गार्गी पुरस्कार व टैबलेट वितरण योजना की भी जानकारी दी। साइकिल मिलने से छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में समय की बचत होगी तथा नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि नानूराम शर्मा, छोटीलाल जोशी, मुकेश सैन, एसडीएमसी सदस्य, विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बजट में विराटनगर को सौगात, विकास कार्यों के लिए करोड़ों की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राज्य बजट 2026-27 में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को महत्वपूर्ण विकास सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से की गई घोषणाओं से क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। विधायक कुलदीप धनकड़ ने बजट में क्षेत्र को प्राथमिकता देने पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। बजट घोषणा के अनुसार, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा व विराटनगर तहसील के एनीकटों के जीर्णोद्धार कार्यों के लिए 7 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को लाभ होगा। वहीं, भाबरु (एनएच-48) से लुहाकना कलां सड़क के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 8.70 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। सड़क उन्नयन से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, लाडा का बास में नवीन 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) स्वीकृत किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी।विधायक धनकड़ ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। इधर,विराटनगर पूर्व विधायक व कांग्रेस जिला अध्यक्ष कोटपूतली-बहरोड़ इन्द्राज गुर्जर ने बजट को लेकर असंतोष जताया है। उन्होंने कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले के लिए बजट में कोई विशेष घोषणा नहीं की गई। महंगाई कम करने का स्पष्ट रोडमैप नहीं है तथा डीजल-पेट्रोल पर सेस में कमी नहीं होने से आमजन को राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने ईआरसीपी, मिनी सचिवालय, कृषि, शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में भी जिले की उपेक्षा का आरोप लगाया।

## राजस्थान का बजट चहुँमुखी विकास को देगा नई गति - केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी को शुभकामनाएं दी हैं।



उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है तथा प्रदेश में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। यादव ने कहा कि प्रदेश के बहुआयामी विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह लोककल्याणकारी बजट राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। किसानों की खुशहाली, महिलाओं के सम्मान, गरीबों के कल्याण और युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए किए गए प्रावधान राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बजट में अलवर लोकसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। अलवर में 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट की स्थापना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त अलवर शहर में जलभराव की समस्या के निस्तारण तथा वर्षा जल की व्यवस्थित निकासी के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। प्याज एवं सब्जियों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक तकनीक, उत्पादन वृद्धि और बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


### विक्रय की उदघोषणा
### आदेश 21 का नियम 66
### शीर्षक

**उनवानः- पूरणमल बनाम अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मण्डल नावां इजराय प्रकरण संख्या - 15 / 2025**

श्रीमान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कुचामन के द्वारा विनिश्चित तारीख निर्णय 21.08.2025 के दीवानी दावा संख्या 23/ 2024 संख्यांक वाला याद जिसमें पूरणमल वादी था और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मण्डल नावां प्रतिवादी था।

यह सूचना दी जाती है कि इस न्यायालय ने उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित कुर्क सम्पति का पार्श्व में वर्णित बाद 1 में डिकीदार के दावे की, जो खर्चा और विकय की तारीख तक के ब्याज सहित 12 लाख 11 हजार 880 रूपये की राशि का है, तुष्टि में विक्रय करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 और आदेश 21 के नियम 64 के अधीन आदेश दिया गया है।

विक्रय लोक निलाम द्वारा किया जाएगा और सम्पत्ति अनुसूची में विनिर्दिष्ट लाटों में विक्रय के लिए रखी जाएगी। विक्रय उक्त निर्णीतऋणियों की उस सम्पत्ति का होगा जो निम्नलिखित अनुसूची में वर्णित है, और उक्त सम्पत्ति से संलग्न दायित्व और दावे जहा तक कि उनका अभिनिश्चय किया जा सका है, वे हैं जो हर एक लाट के सामने अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं।

जब तक मुल्तवी करने का आदेश न किया जाए यह विकय तारीख पेशी 13.02.2026 को प्रातः- 02.00-40.00 बजे न्यायालय में प्रारंभ होने वाले मासिक विकय में किया जाएगा। किन्तु यदि उपर विनिर्दिष्ट ऋण और विकय के खर्चे किसी लाट के लिए बोली अंतिम होने के पूर्व निविदत या संदत कर दिये जाते हैं तो विकय बंद कर दिया जाएगा।

विक्रय में सर्वसाधारण को या तो स्वयं या सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा बोली लगाने के लिए निमंत्रित किया जाता है। किंतु उपरिवर्णित निर्णीत लेनदारों द्वारा या उनके निमित्त लगाई गई। कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी और न्यायालय द्वारा पहले से दी गई अभिव्यक्त अनुज्ञा के बिना उनको किया गया विकय विधिमान्य न होगा।

नोटः-- वाहन संख्या आर जे 40 जी ए 5584 Mounted sewer suction m/c
Model No- Tata Motors 51OSFC DCR33CBC100B6M5
वाहन का अनुमानित मूल्य 07 लाख+Suction m/c अनुमानित मूल्य 05 लाख कुल 12 लाख रूपये

**वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**नावा जिला जिला डीडवाना कुचामन**


# हत्या के प्रयास के मामले में 6 आरोपियों को आजीवन कारावास

### डीजे कोर्ट धौलपुर ने सुनाया फैसला, साथ ही 5 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** करीब 9 साल पुराने हत्या के प्रयास के प्रकरण में राजस्थान के जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर ने फैसला सुनाते हुए 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला धौलपुर जिले के कौलारी थाना क्षेत्र के गांव जारौली का है। जहां 30 मार्च 2017 को कौलारी थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। डीजे कोर्ट धौलपुर के लोक अभियोजक शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि 30 मार्च 2017 को जिले के कौलारी थाना क्षेत्र के गांव जारौली निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र जनक सिंह लोधा ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि 30 मार्च 2017 की शाम करीब 5 बजे खेत की रंजिश को लेकर जारौली गांव के ही भागीरथ, भूरा उर्फ भूरी सिंह और प्रदीप पुत्रगण सुरेश के साथ रामभरोसी पुत्र अर्जुन सिंह, टीकम सिंह पुत्र हुकुम सिंह और राम प्रकाश पुत्र हीरा सिंह लोधा हथियारों से लैस होकर आए। जिन्होंने घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की तथा सामान की तोड़फोड़ करने लगे। महिलाओं के चिल्लाने पर परिवार के बिजेंद्र, जितेंद्र और नवीन दौड़कर पहुंचे। तभी आरोपियों ने अवैध कट्टे से फायर कर दिए, जहां बिजेंद्र के पेट में और नवीन के सीने में गोली लगी। सभी आरोपी दोनों को मृत समझकर फरार हो गए। डीजे कोर्ट धौलपुर के पीपी शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि घटना के बाद हत्या के प्रयास का मुकदमा कौलारी थाने में दर्ज कराया गया। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कोर्ट में चालान पेश, जिसका मामला विचाराधीन था। इसी प्रकरण में डीजे कोर्ट के न्यायाधीश संजीव मागो ने 11 फरवरी को सुनवाई करते हुए मामले में दोषी सिद्ध होने पर 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में न्यायाधीश ने जारौली गांव के भागीरथ, भूरा उर्फ भूरी सिंह, प्रदीप, रामभरोसी, टीकम सिंह और राम प्रकाश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## भागवत रस वर्षण के चतुर्थ दिवस राम-कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जगन्नाथपुरा में 8 फरवरी से चल रहे भागवत रस वर्षण महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज के सान्निध्य में प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दरबार में भजन-कीर्तन, नृत्य और बधाई गीतों के साथ उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य (हाथोज धाम) ने पहुंचकर श्रीजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर हैं और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना के साथ जीवन जीना ही सच्चा धर्म है। निम्बार्क परिकर सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि श्रीजी महाराज अपने अनुयायियों को सदैव प्रसन्न रहने और जीवन को उत्सव की तरह जीने की प्रेरणा देते हैं। प्रवचन में श्रीजी महाराज ने कहा कि मनुष्य को व्यर्थ की चिंताओं में शक्ति क्षीण नहीं करनी चाहिए। ईश्वर पर विश्वास रखते हुए अपने कर्तव्य को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान स्मरण के साथ सकारात्मक जीवन जीने का आह्वान किया। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मिठाइयां वितरित कीं और विशेष भोग अर्पित किया गया। श्रीजी महाराज के निज परिकर ओमप्रकाश शर्मा ने पधारे विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करवाकर गुरुदेव से आशीर्वाद दिलवाया तथा दिव्य आरती का आयोजन किया। कथा आयोजक हनुमान कंडेरा ने परिवार सहित आरती की। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने विशेष प्रसादी ग्रहण कर अपने-अपने घरों को प्रस्थान किया।

## बिजली विभाग ने तकनीकी कर्मचारियों को बांटे सेफ्टी उपकरण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल गोविंद सिंह के निर्देशन में उपखंड सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बुधवार को पंचायत सभागार में उपखंड के कनिष्ठ अभियंताओं व तकनीकी कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में लाइन पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए और कार्य के दौरान पूर्ण सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल ने कर्मचारियों से कहा कि विद्युत लाइन पर कार्य करते समय धैर्य बनाए रखें तथा विधिवत शटडाउन लेकर ही कार्य करें। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब यदि कोई कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बकाया वसूली अभियान को भी तेज करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी फीडर पर एक हजार रुपए से अधिक का बकायादार उपभोक्ता शेष नहीं रहना चाहिए। बैठक से पूर्व निगम टीम ने गांव राड़ोली में करीब पांच लाख रुपए की बकाया राशि पर दो सिंगल फेज ट्रांसफार्मर तथा गांव अंबरपुर में साढ़े तीन लाख रुपए की बकाया राशि पर एक ट्रांसफार्मर उतारकर स्टोर कार्यालय में जमा करवाया। कार्यवाही में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, रणवीर सिंह मूंड, विशाल जायसवाल, वरिष्ठ टेक्नीशियन अवधेश शर्मा, भूदेव शर्मा, सोनेश कुमार, जगदीश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, यूनुस खान, वीरेंद्र सिंह, अकील खान, बंटी खान, हरवान सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एडीजे न्यायालय की मांग को लेकर आंदोलन जारी

## भाजपा जिला अध्यक्ष के आश्वासन पर बार अध्यक्ष ने तोड़ा अनशन

जयपुर टाइम्स




**विराटनगर(निस)।** कस्बे में एडीजे न्यायालय खोलने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और धरना बुधवार को भी जारी रहा। इस बीच आमरण अनशन पर बैठे बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चंद गुर्जर ने स्वास्थ्य खराब होने के चलते अनशन तुड़वाया गया। गौरतलब है के सोमवार से मांगों पर सुनवाई नहीं होने से बार अध्यक्ष सुभाष चंद गुर्जर आमरण अनशन पर बैठ गए थे। बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल धरना स्थल पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता की। उन्होंने आगामी बजट सत्र में विराटनगर की लंबित मांगों को प्राथमिकता से उठाने तथा न्यायालय परिसर में एडीजे कोर्ट की घोषणा करवाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सुरेश बादलीवाल एवं उपखंड अधिकारी कपिल कुमार ने सुभाष चंद गुर्जर को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। थाना प्रभारी सोहनलाल ने चिकित्सकों की टीम बुलाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती भी करवाया गया। बार अध्यक्ष सुभाष चंद गुर्जर ने बताया कि फिलहाल उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से अनशन समाप्त किया है, लेकिन धरना और कार्य बहिष्कार यथावत जारी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति व आंदोलन को लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा।अभिभाषक संघ का कहना है कि पूर्व में बजट में एडीजे न्यायालय की घोषणा हो चुकी है, लेकिन अब तक उसे शुरू नहीं किया गया, जिससे क्षेत्र के वादकारियों और अधिवक्ताओं को परेशानी हो रही है।

## कांस्टेबल उमेश और नटवर ने पेश की सतर्कता व मानवता की मिसाल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पीतांबरा मेडिकल स्टोर के पास मोबाइल फोन खो जाने से बलराम विहार कॉलोनी, राजाखेड़ा बाईपास निवासी अवधेश शर्मा (पुत्र बंटू शर्मा) अत्यंत चिंतित हो गए। मोबाइल में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और निजी जानकारी होने के कारण वे परेशान हो उठे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया और पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल उमेश शर्मा और नटवर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। आसपास की जानकारी जुटाई गई।लगातार निगरानी और सूझबूझ से यह पता चला कि मोबाइल सरानी खेड़ा की ओर जाने वाले एक ऑटो चालक के पास हो सकता है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित ऑटो चालक को खोज निकाला। पूछताछ के बाद उसके पास से मोबाइल बरामद कर लिया गया और सुरक्षित रूप से अवधेश शर्मा को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर अवधेश शर्मा ने राहत की सांस ली और पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में इस तरह की ईमानदारी, संवेदनशीलता और तत्परता मिलना गर्व की बात है। दोनों पुलिस कांस्टेबलों ने मानवता की सच्ची मिसाल पेश की है। कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण यह घटना दर्शाती है कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में तत्पर है, बल्कि आम नागरिकों की सहायता के लिए भी सदैव प्रतिबद्ध है। तीनों पुलिसकर्मियों की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली समाज में विश्वास को मजबूत करती है। ऐसी सकारात्मक घटनाएं पुलिस और जनता के बीच भरोसे को और भी सुदृढ़ बनाती हैं।

### जयपुर डेयरी की 'सरस लाडो मायरो' पहलः दुग्ध उत्पादक की बेटी को दिया 21 हजार का मायरा

**सांभरलेक.** जयपुर डेयरी चेयरमैन ओमप्रकाश पूनिया ने दुग्ध उत्पादकों के परिवारों से जुड़ाव को नई दिशा देते हुए 'सरस लाडो मायरो योजना' के तहत एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत दुग्ध उत्पादकों की बेटियों के विवाह में मायरा (भात) भरने की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन समिति बाड़ों की ढाणी, रसूलपुरा (कोड 3268) के दुग्ध उत्पादक बिरदी देवी पत्नी लालाराम सिंगला की पुत्री कल्पना चौधरी के विवाह अवसर पर जयपुर डेयरी की ओर से मायरा भरा गया।


### Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.

No. NIT/2025-26/34700 - 14 निविदा सूचना / 2025-26 Date:11.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु0 ) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| SITC of HVAC work at Admin. Block Marwar Medical University of Borawas, Jodhpur. UBN-RRC2526WSOB01197 | 366.00 Lakh | ई-690/ 25-26 |
| Additional work Required at Medical College, Karauli. UBN- RRC2526WSOB01201 | 365.33 Lakh | अल्पकालीन ई-691 / 25-26 |
| Construction of Outer Facade work at Sambhagiya Kar Bhawan at Jaipur. UBN-RRC2526WLOB01203 | 1245.14 Lakh | ई-694/ 25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**


## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू, सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े

जयपुर टाइम्स




**चौमू(निस)।** परशुराम बाबा मंदिर परिसर में श्रीमती सुमित्रा देवी-रामस्वरूप नरेडा परिवार की ओर से आत्मकल्याण व सर्वजनहिताय आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। तेजाजी मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए। कथा पोथी को अर्चना हिमांशु शर्मा ने शिरोधार्य कर कथास्थल तक पहुंचाया।

कथा का शुभारंभ परशुराम मंदिर के महंत नृसिंहपुरी महाराज व भगवानपुरी महाराज के सान्निध्य में हुआ। मंच से कथा व्यास सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पं. रामपाल शर्मा शास्त्री (जैसलान) ने कहा कि मानव देह देवदुर्लभ है और यही धर्म साधना का प्रथम साधन है। सत्कर्म, आत्मज्ञान और ईश्वर भक्ति से ही जीवन सार्थक बनता है तथा जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति संभव है।उन्होंने आत्मदेव-धुंधुकारी प्रसंग के माध्यम से भागवत श्रवण की महिमा बताते हुए कहा कि नियमित श्रवण से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार देने और सनातन संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया। सूत-शौनक संवाद, नारद-वेदव्यास प्रसंग, भीष्म स्तुति और अश्वत्थामा तिरस्कार जैसे प्रसंगों के जरिए राजधर्म, सामाजिक कर्तव्य और कर्मफल सिद्धांत को सरल भाषा में समझाया। कथा के दौरान संगीतमय प्रस्तुतियों व सजीव झांकियों में परीक्षित जन्म और कलियुग दमन प्रसंगों का प्रभावी मंचन हुआ। गौ-सेवा की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का घर गौशाला है और गोपाल नाम का भाव इसी सेवा से जुड़ा है। कथा स्थल पूरे समय भक्तिरस से सराबोर रहा।

## दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जयपुर शहर का वैचारिक संकल्प कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर की ओर से बुधवार प्रातः 5:30 बजे श्री राधा गोविंद देव जी मंदिर परिसर में संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उनके अंत्योदय दर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया। प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम ने कहा कि एकात्म मानववाद केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास की जीवनदृष्टि है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां अंत्योदय के सिद्धांत को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हैं।

जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि सेवा, समर्पण और संगठन शक्ति भाजपा की कार्यसंस्कृति की पहचान है।


### OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT KORSEENA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)

S.NO: 2025-26/KORSEENA/181-1/ 326 DATE 10-02-2026

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Three construction work at GP KORSEENA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 10.00 Lacs

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in

**UBIN:**
ZJP2526WSOB02487, ZJP2526WSOB02489, ZJP2526WSOB02491

**Tender ID–**
2026_PRD_537330_1, 2026_PRD_537330_2, 2026_PRD_537330_3

**Prashasak**
**Gram Panchayat**
**KORSEENA**

**VDO**
**Gram Panchayat**
**KORSEENA**



# क्या दो हिस्सों में रिलीज होगी 'वाराणसी'? राजामौली ने अटकलों पर लगाया विराम

एसएस राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। यह प्राचीन पौराणिक कथाओं पर आधारित है और रामायण से जुड़ी है। जिस दिन से इसका एलान हुआ है, तभी से कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म दो हिस्सों में बनेगी। अब राजामौली ने बताया है कि इस फिल्म का पार्ट 2 आएगा या नहीं।
राजामौली ने फिल्म 'बाहुबली' को दो हिस्सों में बनाया था, इसलिए 'वाराणसी' को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह दो हिस्सों में बनेगी। हालांकि एसएस राजामौली ने लंबे समय से चल रहे इस सस्पेंस को आखिरकार खत्म कर दिया है। मीडिया से राजामौली की बातचीत सामने आई है। इसमें उन्होंने इस मामले पर अपनी बात रखी है।

## क्या दो हिस्सों में बनेगी 'वाराणसी'?

नवंबर 2025 में हैदराबाद में 'वाराणसी' की झलक लॉन्च के दौरान न्यूज एजेंसी स्क्रीन रेंट से बात करते हुए राजामौली ने साफ किया कि 'वाराणसी' एक सिंगल-पार्ट फिल्म होगी। इसका रनटाइम लगभग तीन घंटे होगा। उन्होंने बताया कि टीम ने शुरू में इसे दो हिस्सों में बनाने का विचार किया था, लेकिन प्रोडक्शन शुरू होने के कुछ ही समय बाद यह प्लान बदल गया। उन्होंने बताया कि उन्हें भरोसा है कि अगर दर्शक कहानी में खो जाते हैं और उसमें दिलचस्पी लेते हैं, तो रन टाइम ज्यादा लंबा नहीं लगेगा।

## 'वाराणसी' की स्टारकास्ट

फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज होने वाली है। इसमें प्रियंका चोपड़ा के साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम किरदारों में होंगे। रिलीज से काफी पहले फिल्म दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है। नवंबर 2025 में 'वाराणसी' की एक झलक दिखाई गई थी। इसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



# वाराणसी के अलावा इस भारतीय फिल्म से जुड़ रही प्रियंका चोपड़ा

**लंबे समय से हिंदी फिल्मों से दूर प्रियंका चोपड़ा अब सुर्खियों में आने लगी हैं। खबरें हैं कि प्रियंका चोपड़ा ऋतिक रोशन के साथ 'कृष 4' में लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फैंस के लिए यह अच्छी खबर है। प्रियंका चोपड़ा 'कृष' फ्रेंचाइजी की दो फिल्मों में लीड एक्ट्रेस रही हैं।**

## 'कृष 4' का हिस्सा होंगी प्रियंका?

फैंस लंबे समय से इस बात को लेकर कशमकश में थे कि 'कृष 4' में फीमेल लीड के तौर पर कौन होगा। अब बॉलीवुड हंगामा ने यह खबर दी है कि फिल्म में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में होंगी। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं।

## दो फिल्मों में निभाया लीड रोल

प्रियंका चोपड़ा 'कृष' से काफी पहले से जुड़ी रही हैं। दो फिल्मों में उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ अहम किरदार निभाया है। दर्शकों ने फिल्म में उनकी और ऋतिक की केमिस्ट्री को पसंद किया है। ऐसे में लगता है कि वह फिल्म में वापसी कर सकती हैं।

## कौन होगा निर्देशक?

ऋतिक रोशन न सिर्फ 'कृष 4' में अभिनय करेंगे बल्कि वह इसका निर्देशन भी करेंगे। उनके निर्देशन में बनने वाली यह पहली फिल्म होगी। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि ऋतिक कैसे कैमरे के पीछे से चीजें संभालेंगे।

## प्रियंका का वर्कफ्रंट

आपको बता दें कि प्रियंका चोपड़ा आखिरी बार फिल्म 'द स्काइ इज पिंक' में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ फरहान अख्तर और जायरा वसीम थीं। इसके बाद उन्होंने विदेशी फिल्मों में काम किया। वह जल्द ही फिल्म 'वाराणसी' से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं।



# नितेश तिवारी की 'रामायण' में विभीषण के रोल में दिखाई देंगे विजय सेतुपति

फिल्म 'रामायण' को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे।
रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



# खाकी पहनकर 'कर्तव्य' निभाने निकले सैफ! 'गांधारी' बनीं तापसी 'टोस्टर' में उलझे राजकुमार

नेटफ्लिक्स साल 2026 में भारतीय दर्शकों मनोरंजन के लिए क्या खास पेश करने वाला है? आज मंगलवार को एक इवेंट में इसका एलान कर दिया गया है। इस बार नेटफ्लिक्स के पिटारे में काफी कुछ खास है। इसने आज करीब 21 फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठाया है। कुछ फिल्मों के टीजर जारी किए हैं, कुछ के ट्रेलर तो कुछ का एलान अनाउंसमेंट वीडियो के साथ किया गया है। इसके अलावा कुछ ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनके फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हुए हैं।

## 'कर्तव्य' में खाकी पहने दिखे सैफ अली खान

नेटफ्लिक्स ने आज सैफ अली खान अभिनीत दो फिल्मों का एलान किया है। पहली फिल्म है 'हम हिंदुस्तानी'। इसका टीजर रिलीज हुआ है। सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में भारत के पहले चुनाव की कहानी दिखाई जाएगी। वहीं, एक अन्य फिल्म है, 'कर्तव्य'। इस फिल्म में सैफ अली खान खाकी पहनकर कर्तव्य अदा करते दिखाई देंगे। नेटफ्लिक्स पर जारी पोस्टर में कैप्शन में लिखा है, 'धर्म और कर्म के युद्ध में, क्या कर्तव्य जीत पाएगा?' यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें रसिका दुग्गल और संजय मिश्रा भी नजर आएंगे। सैफ अली खान की इस फिल्म के साथ एक जर्नलिस्ट अपनी एक्टिंग की पारी शुरू करने जा रहे हैं।

## 'गांधारी' के पोस्टर में तापसी की झलक



तापसी पन्नू की आगामी फिल्म 'गांधारी' भी नेटफ्लिक्स पर इस साल रिलीज होगी। इसका आधिकारिक एलान कर दिया गया है और साथ ही पोस्टर जारी किए गए हैं। इनमें तापसी पन्नू का खौफनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। 'गांधारी' के पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'आपने एक मां का प्यार देखा है। अब उसके गुस्से से मिलिए'। इस फिल्म में इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे।

## 'टोस्टर' का पोस्टर जारी



राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'टोस्टर' का पोस्टर भी रिलीज किया गया है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में अभिनेता कंजूस व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमार और सान्या के अलावा फराह खान, अर्चना पूरन सिंह और अभिषेक बनर्जी भी नजर आने वाले हैं। सभी की झलक दिखाई दी है।



# अपने आप से लड़कर मैंने खुद को पाया है

फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने खास बातचीत के दौरान अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। आईएएनएस से बात करते हुए मेधा राणा ने कहा, ''साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। शुरुआत में मैं खुद को लेकर बहुत उलझन में रहती थी। मुझे अक्सर लगता था कि शायद मैं इस इंडस्ट्री के लिए बनी ही नहीं हूं। ऐसे विचार मुझे भीतर से कमजोर बनाते थे और आगे बढ़ने में बाधा भी बनते थे।'' उन्होंने कहा, ''जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।''
जब उनसे पूछा कि 2022 से अब तक उनके जीवन में सबसे बड़ा निजी बदलाव क्या रहा है, तो मेधा ने कहा, ''मैंने अपने आप से लड़कर खुद को पाया है। अब मैं खुद को पहले से ज्यादा स्वीकार करने लगी हूं। मैं अपनी कमियों और खूबियों दोनों को समझती हूं और उन्हें लेकर सहज हूं। यही स्वीकार्यता मेरे आत्मविश्वास की सबसे बड़ी वजह बनी है।'' मेधा राणा ने कहा, ''फिल्म 'बॉर्डर 2' मेरे करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई है। इस फिल्म का हिस्सा बनने के बाद और दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया ने मेरे भीतर एक नया भरोसा पैदा किया। जब किसी कलाकार को उसके काम के लिए सराहना मिलती है, तो वह खुद पर यकीन करने लगता है। 'बॉर्डर 2' के अनुभव ने मुझे यह एहसास दिलाया कि मैं अपने हुनर में सक्षम हूं और मेहनत रंग ला सकती है।'' उन्होंने कहा, ''अब मैं खुद को लेकर ज्यादा आश्वस्त महसूस करती हूं। अपने अभिनय कौशल और फैसलों पर मेरा भरोसा बढ़ा है। यह आत्मविश्वास मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी ग्रोथ है, जो मुझे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है।''



# अच्छा इंसान मिल जाए तो झटपट शादी कर लूं

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मृणाल ठाकुर ने अपने छोटे से करियर में लंबा सफर तय किया है। मराठी फिल्म में काम कर चुकी मृणाल हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के अलावा तेलुगू इंडस्ट्री में भी काफी एक्टिव हैं। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म 'दो दीवाने शहर में' को लेकर। इस खास मुलाकात में मृणाल प्यार-मोहब्बत, शादी और जीवनसाथी पर खुल कर बात करती हैं।

## ऋतिक, शाहिद और जॉन को लेकर थी पागल

अपने बचपन और ग्रोइंग इयर्स के अट्रेक्शन के बारे में वे हंसते हुए वे कहती हैं, 'वो इनफैचुएशन नहीं बल्कि ऑब्सेशन था और वो था तीन हीरोज के प्रति। मेरी किताबों में इन हीरोज के कटआउट्स हुआ करते थे। उन फोटो के कटआउट्स को मैं छिपा-छिपा कर रखती थी और वो हीरो थे, ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर और जॉन अब्राहम। आपको हंसी आएगी सुनकर, मगर जो साड़ी के बॉक्स आते थे, उस पर मैं और मेरी बहन इन हीरोज के फोटो काट कर चिपका देते और उन्हें बुकमार्क के रूप में संजो कर रखते थे। पापा को पता चलता कि हम लोग हीरोज के पिक्स काट-काट कर लगाते हैं, तो बहुत डांट पड़ती थी कि हम पढ़ाई के बजाय ये क्या कर रहे हैं?
तकदीर देखिए, इन तीनों हीरोज के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। रितिक के साथ मैंने सुपर 30 की, शाहिद कपूर के साथ जर्सी तो जॉन अब्राहम संग बाटला हाउस। मैं और मेरी बहन कई बार एक -दूसरे को देख कर बातें करते, हम लोग कहां से आए और आज कहां पहुंच गए। वाकई कई बार चूंटी काटने को दिल करता कि क्या ये सच है। सच में रितिक, जॉन और शाहिद के साथ काम करते हुए कई बार मंत्रमुग्ध भी हुई हूं। जॉन को हम जोनेमन बुलाते हैं। वो अक्सर मेरी बहन का हाल-चाल पूछने के लिए मुझे कॉल करते हैं। शाहिद को मैं एक एक्टर के रूप में बहुत पसंद करती हूं, तो कई बार मैं इतनी खो जाती कि अपने डायलॉग्स भूल जाया करती थी। शाहिद के साथ शूटिंग के पहले ही दिन मुझे थप्पड़ मारना था, मेरा तो कल्याण ही हो गया था। मैं बहुत नर्वस थी। वाकई बहुत ही अविश्वसनीय है ये जर्नी। मेरी बहन मेरा मेकअप भी करती है, तो आज ही सुबह वो रो पड़ी थी, ये सोचा कर कि हम जिस इंडस्ट्री में यहीं, हमने उसके बारे में सोचा ही नहीं था।'

## झगड़े के बाद भी वो मुझे गले लगाए

अपने भावी साथी को लेकर भी मृणाल ने हमसे बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे एक अच्छा इंसान मिल जाए, जिससे मेरा दिल भी मिले, हमारे बीच कंपैटिबिलिटी हो और मुझे सारी चीजें आसान लगे, तो मैं बेशक झटपट कर लूंगी शादी। आज कल डिवोर्स रेट बढ़ गए हैं और शादियां करने से लोग कतराने लगे हैं। तो मुझे बेमेल शादी करके वो गलती नहीं करनी। मेरा तो बचपन से ख्वाब रहा है शादी करने का। मुझे लगता है शादी हर लड़की का ख्वाब होता है, मगर बस जरूरत होती है एक ऐसे इंसान की, जिसे देखकर लगे हां, यही है वो। मैं जीवनसाथी के रूप में एक ऐसा लड़का चाहती हूं, जो मेरे मामले में हार न माने। मैं जानती हूं कि कई बार मैं जरूरत से ज्यादा इमोशनल हो जाती हूं। हर किसी में नेगेटिव ट्रेट्स होते हैं, मगर मुझे लगता है कि एक ऐसा इंसान हो जो भयंकर झगड़े के बावजूद मुझे गले लगाए। मृणाल रिलेशनशिप की अहमियत को समझाते हुए कहती हैं, 'मेरे लिए तो रिलेशनशिप में सबसे अच्छी बड़ी बात ये है कि मैं जैसी हूं, मुझे उसी रूप में स्वीकार करें और तुम जैसे हो, मेरे लिए काफी हो। तुम्हारी खामियां मेरे लिए मायने नहीं रखती। मेरे लिए अहम है कि मैं तुम्हारे साथ खुश रहूंगी। रिलेशनशिप में एक-दूसरे का उत्थान करके अगर हम बेहतर इंसान बन पाएं, प्रोग्रेस और ग्रो करें।'

## सही समय पर शादी होना जरूरी है

मृणाल ठाकुर ने शादी के बारे में अपने विचार शेयर करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है, चाहे वे मेरे पैरेंट्स हों या किसी और के शादी के बारे में जो कहते हैं, गलत नहीं कहते। शादी समय पर होना जरूरी है। मैं पहले इस बात को नहीं समझती थी, मगर अब समझती हूं। जैसे हमारी हथेली की पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं हो सकती, वैसे ही जिंदगी में सब कुछ एक समान नहीं हो सकता। पहले मैं सोचती थी कि करियर सेटल कर लूं तब शादी करूं, मगर अब ऐसा नहीं सोचती। हमारी इंडस्ट्री में कई हीरोइन ऐसी हैं, जिनकी शादी भी हो गई, करियर भी अच्छा चल रहा है और बच्चे भी हो गए हैं, क्योंकि आप अभी नहीं करेंगे, तो कब शादी करेंगे? मगर मैंने अपने माता-पिता को एक बात समझाई कि मुझे करने के लिए नहीं करनी शादी।'

## ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र मंडल महाविधान का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर जिन चौबीसी जिनालय में सिद्ध चक्र मंडल महाविधान का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। विधान का आयोजन रामगज मंडी निवासी निर्मल सावला परिवार की ओर से करवाया जा रहा हैं। ब्रह्मचारी विनोद भैया व पं. बृजेंद्र शास्त्री महुआ के सानिध्य में पूजा विधान का सकलीकरण किया गया और शांति धारा अभिषेक के साथ पूजा प्रारंभ की गई। संगीतमय पूजा में श्रद्धालु नृत्य करते हुए दिखाई दिए। मंडल विधान में दिगंबर जैन बघेरवाल समाज कोटा प्रांत के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र हरसोरा, समाज के भामाशाह सुरेश चंद्र बाबरिया रामगजमंडी, गोपाल जैन एडवोकेट, दीपक हरसोरा जयपुर, सुरेश पटवारी, लाभचंद जैन, गुलाबचंद जैन, चांदमल धनोपिया, मुकेश धनोपिया, नवीन जैन, कैलाश जैन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर इंद्रपुरा व तिलस्वां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत के तहत साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। पीएलवी अंजली नायक ने बच्चों को बाल विवाह से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह करने की सही उम्र बताई और बाल विवाह नहीं करने की शपथ भी दिलाई। स्कूल स्टाफ मनोज कुमार, मोहनलाल धाकड़ जगदीशप्रसाद मीणा, महावीर कुमार अहीर, गोपाल पाराशर, संजीना नायक, सुनीता नायक समेत बालक -बालिकाएं मौजूद रहे।

## श्रीराम महायज्ञ की पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सदारामजी का खेड़ा में 5 दिनों से चल रहे भगवान श्रीराम जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ की पूर्णाहुति व महाप्रसादी का आयोजन भक्ति पूर्ण माहौल में हुआ। सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य दुर्गेश भट्ट के सान्निध्य में संपन्न हुए। वहीं सदाराम जी का खेड़ा में ग्रामीणों की ओर से 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ के मुख्य आतिथ्य और श्रीधाकड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष व विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दिहौली थाना पुलिस ने 25 गुम मोबाइल ट्रेस कर लौटाए

### एक साल में 84 की बरामदगी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** दिहौली थाना पुलिस ने गुम हुए 25 मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए हैं। यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से की गई। पिछले करीब एक वर्ष में थाना पुलिस द्वारा कुल 84 मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद के सुपरविजन में थानाधिकारी राहुल कुमार (प्रशिक्षु आरपीएस) के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पिछले पांच माह में विशेष अभियान चलाकर 25 गुम मोबाइलों को ट्रेस कर संबंधित धारकों को सौंपा गया। मोबाइल वापस पाकर मालिकों ने खुशी जताई और पुलिस का आभार व्यक्त किया। कई लोगों ने दिहौली पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया मोबाइल वापस मिल पाएगा। खोए व गुम मोबाइलों को ट्रेस करने में कांस्टेबल मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि आमजन अपने मोबाइल गुम होने पर तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

# धौलपुर में 10 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर शुरू

### क्षारसूत्र विधि से गुदा रोगों का उपचार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुर्वेद विभाग की ओर से अर्श (बवासीर), भगंदर, फिशर एवं अन्य गुदा रोगों के उपचार के लिए 10 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का शुभारंभ ग्रामीण उद्यमशाला, गांव बिजौली में किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. व भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने फीता काटकर किया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने कहा कि आयुर्वेद केवल रोग के लक्षणों का नहीं, बल्कि उसके मूल कारण का उपचार करता है। संतुलित दिनचर्या, सही खान-पान और ऋतु के अनुसार आहार-विहार आयुर्वेद की विशेषता है। उन्होंने कहा कि शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत हमारी प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा के प्रमाण हैं और आज कई पश्चिमी देश भी आयुर्वेदिक तत्वों का उपयोग कर रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि सरकार आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे नि:शुल्क शिविर आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

शिविर में राज्य स्तरीय क्षारसूत्र विशेषज्ञों की ओर से आयुर्वेद की प्रभावी क्षारसूत्र विधि से बवासीर, भगंदर व फिशर जैसे जटिल रोगों का उपचार किया जा रहा है। यह विशेष आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार चिकित्सीय धागे के माध्यम से बिना बड़े ऑपरेशन के सुरक्षित उपचार की पद्धति है। इसके अलावा गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, पेट, स्त्री व त्वचा रोग सहित अन्य बीमारियों के लिए भी विशेषज्ञ परामर्श व नि:शुल्क औषधि वितरण की व्यवस्था है। उद्घाटन अवसर पर जिला कलक्टर ने औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर जड़ी-बूटियों के गुणों की जानकारी ली तथा ओपीडी काउंटर, अग्निकर्म कक्ष एवं नेचुरोपैथी काउंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की। संभागीय समन्वयक डॉ. विनोद गर्ग ने अधिकाधिक लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, शिविर प्रभारी डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, सह प्रभारी डॉ. मोहम्मद जाकिर, सहायक निदेशक डॉ. रमाकांत मिश्रा, डॉ. अनिल कुमार झा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

शिविर प्रभारी डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस 181 रोगियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 73 रोगियों को क्षारसूत्र चिकित्सा के लिए चयनित किया गया है।

## *सुरक्षित बैंकिंग की ओर मजबूत कदमः सुमेरपुर के जाखोड़ा और खिंवादी में गूंजा वित्तीय साक्षरता का संदेश*



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2026 के तहत सुरक्षित की ओर पहला कदम, सुरक्षित बैंकिंग के लिए आपका पहला काम' थीम पर सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत जाखोड़ा व खिंवादी में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में एसबीआई बैंक की ओर से संचालित मनी वाइज क्रिसिल फाउंडेशन के नेतृत्व में एसबीएस संस्था जयपुर ने राजस्थान ग्रामीण बैंक के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को वित्तीय सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार योगी के निर्देशन में कलाकार रितेश सिसौदिया, दीनदयाल शर्मा, ऋषभ शर्मा, पुष्पेंद्र मुद्गल और दीपक शर्मा ने प्रभावशाली अभिनय के जरिए लोगों को केवाईसी अपडेट रखने, मनी लॉन्ड्रिंग से बचने, खाते की स्वच्छता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक में विशेष रूप से बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी, खाता नंबर या आधार नंबर साझा न करें, केवाईसी धोखाधड़ी से सतर्क रहें और 'मनी म्युल' बनने से बचें। साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में राजीविका की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर एरिया मैनेजर मुमताज पठान, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मदन मेघवाल, राजस्थान ग्रामीण बैंक से बैंक मैनेजर बिट्टू गोयल, ऑफिसर शुभम चुग, कैश ऑफिसर खुशबू कुमार, राजीविका स्टाफ भानुमति, स्नेहा कंवर, चंदा, सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्र सिंह, ओटसिंह, छतरसिंह, पुरणसिंह, मदन सिंह, नवाराम, कालुराम, भेराराम, नरेगा मेट राखी, शिल्पा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग अपनाने और सरकारी बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित करना रहा। जागरूकता की इस पहल से गांवों में वित्तीय सुरक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बना।

## शतरंज में कृष्णकांत शर्मा रहे विजेता

### क्रिकेट में सैंपऊ ने धौलपुर को 9 विकेट से हराया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** धौलपुर अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत बार बेंच के बीच शतरंज व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास परमार ने अधिवक्ताओं से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता साथी खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजई बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल भावना के साथ खेले , तथा हार जीत को परे रखें।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ बुद्धराजा ने कहा कि मैच का परिणाम कुछ भी हो, जीत खेल की होनी चाहिए। इसलिए खिलाड़ी अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र राना ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं बार और बेंच के बीच पहली बार आयोजित की जा रही है। अधिवक्ताओं में प्रतियोगिताओं को लेकर काफी उत्साह है। धौलपुर अभिभाषक संघ आयोजन के लिए धन्यवाद की पात्र है । अनिल उपाध्याय ने कहा कि स्पोर्ट्स वीक में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है और सभी के लिए प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कृष्णकांत शर्मा विजेता व अनुपम उपविजेता रहे ।

महिला वर्ग में प्रज्ञा शर्मा विजेता इंद्रा शर्मा उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मोहम्मद जाकिर हुसैन, रवि मोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, सौरभ गुर्जर, गौरव वर्मा , पूजा नरसल व शांति

अभिभाषक संघ के महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, संयुक्त सचिव ब्रजेश सिंह बघेला, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल, ऑडिटर विवेक व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एनएच-44 के ओवरब्रिज पर टूटे एक्सपेंशन जॉइंट से बढ़ा हादसों का खतरा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित ओवरब्रिज की जर्जर हालत वाहन चालकों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। पुल की स्लैब में लगे एक्सपेंशन जॉइंट टूटने से दो स्लैब के बीच गहरा अंतर बन गया है, जिससे सड़क पर डेढ़ से दो फुट तक के गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में वाहन का पहिया फंसने की आशंका बनी हुई है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

भारी वाहनों के गुजरते ही पुल पर तेज झटका और धमक की आवाज सुनाई देती है। इससे पीछे चल रहे वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं, जो दुर्घटना की वजह बन सकता है।

### रात में और बढ़ जाता है खतरा:

स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में टूटे जॉइंट का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन असंतुलित हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार ऐसे स्थानों पर तुरंत मरम्मत, चेतावनी बोर्ड, स्पीड कंट्रोल और रिफ्लेक्टिव मार्किंग आवश्यक होती है, लेकिन मौके पर किसी प्रकार के चेतावनी संकेत नजर नहीं आ रहे हैं।

### टोल वसूली पर उठे सवाल

मुरैना से आगरा की ओर ट्रक लेकर जा रहे चालक सुनील सिंह गुर्जर ने बताया कि हाईवे की हालत भयावह हो चुकी है। सड़क और ओवरब्रिज दोनों स्थानों पर गड्ढे हैं। प्रतिदिन हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं, लेकिन जिम्मेदार एजेंसी का ध्यान केवल टोल वसूली तक सीमित दिखाई देता है।

### प्रशासन ने लिया संज्ञान

जिला कलेक्टर ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संपर्क किया गया है और शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू करवाया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। फिलहाल क्षतिग्रस्त एक्सपेंशन जॉइंट और गहरे गड्ढे हाईवे पर सफर करने वालों के लिए गंभीर खतरा बने हुए है।

## हत्याकांड की निष्पक्ष जांच को लेकर बघेल समाज ने कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय पाल बघेल समाज की ओर से दलेल पुरा के सतीश कुमार हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर धौलपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 6 जुलाई 2025 को राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के दलेल का पुरा में सतीश बघेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में अब तक ठोस कार्रवाई न होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन में कहा गया है कि घटना को लगभग सात महीने बीत चुके हैं, लेकिन जांच की दिशा और कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है। समाज का आरोप है कि अब तक की जांच रिपोर्ट संदिग्ध और पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है और आमजन का कानून व्यवस्था पर से विश्वास कमजोर हो रहा है।बघेल समाज ने मांग की है कि इस प्रकरण की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सीबीआई या विशेष जांच दल से कराई जाए। इसके साथ ही, अब तक की जांच की समीक्षा कर दोषी पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। समाज ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पारदर्शी और न्यायोचित कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो पूरे जिले में व्यापक, लोकतांत्रिक और जनआंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री जगमोहन बघेल,सैंपऊ प्रधान दुष्यंत बघेल, बाचाराम बघेल, सुरेश चंद बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष, हुकुम सिंह, रामवीर, रामगोपाल, कालीचरण, मायाराम, राजवीर बघेल, सतेन्द्र बघेल, करतार बघेल, हीरासिंह, विशम्बर बघेल, मुकेश बघेल, संतोष बघेल, अमरीश बघेल, जगमोहन पटपरा,संजय बघेल रामगोपाल, कालीचरण, भूपसिंह बघेल राजवीर, मायाराम सतेन्द्र बघेल, अमरीश बघेल, जगदीश बघेल, संतोष बघेल, मवासी राम, सत्येन्द्र बघेल, रामरूप, हरेंद्र बघेल, छोटेलाल, पुष्पेन्द्र बघेल उपस्थित रहे।

## 35 साल बाद लौट रहा ऐतिहासिक पशु मेला

**कल से साण्डेराव में रंगारंग आगाज़**

**सुमेरपुर(निस)।** जिला प्रशासन व पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्री निम्बेश्वर महादेव पशु मेला 2026 का आयोजन 13 से 17 फरवरी तक साण्डेराव (सुमेरपुर) में किया जाएगा। 35 वर्षों बाद गोडवाड़ की पावन धरा पर आयोजित हो रहे इस ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत की ओर से झंडारोहण के साथ किया जाएगा। संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. मनोज पंवार ने बताया कि मेले में विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। 14 फरवरी को अश्व व ऊंट प्रतियोगिता, साफा-मूंछ व गोडवाड़ केसरी-गोडवाड़ सुंदरी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 15 फरवरी को मारवाड़ी अश्व प्रतियोगिता, 16 फरवरी को गाय, भैंस, ऊंट, भेड़ व बकरी प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक संध्या होगी। 13 से 17 फरवरी तक पुंगनूर, गिर, कांकरेज, थार व संकर नस्लों की विशेष प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## ऑपरेशन शिकंजा: 14 स्थाई वारंटी सहित 18 फरार अपराधियों का निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भरतपुर रेंज में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान के तहत धौलपुर पुलिस ने 14 स्थाई वारंटी, 2 भगौड़ा एवं 2 इनामी अपराधियों का निस्तारण किया है। अभियान के प्रभाव से फरार अपराधियों में खौफ का माहौल देखा जा रहा है। महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद के सुपरविजन में राजाखेड़ा थानाधिकारी गंभीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इसी क्रम में पारिवारिक न्यायालय धौलपुर से जारी 3 स्थाई वारंट एवं 2 गिरफ्तारी वारंट में फरार चल रहे स्थाई वारंटी रंजीत पुत्र यशपाल, निवासी भौदा मोहल्ला वार्ड नंबर 19, कस्बा राजाखेड़ा को आगरा (उत्तर प्रदेश) स्थित उसके ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लोहे के संदूक में बंद मिला। उसने पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से खुद को संदूक में बंद करवा लिया था, लेकिन पुलिस को उसकी सटीक सूचना मिल चुकी थी। तलाशी के दौरान संदूक खोलकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत फरार वारंटियों, भगोड़ों और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# धौलपुर पुलिस का बजरी माफियाओं पर बड़ा एक्शन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** चम्बल बजरी की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए धौलपुर पुलिस ने सख्त अभियान छेड़ रखा है। आमतौर पर तस्करी का नाम आते ही सोना-चांदी, शराब या नशीले पदार्थों की चर्चा होती है, लेकिन चम्बल बजरी का अवैध परिवहन भी बड़े स्तर पर सामने आ रहा है। तस्कर पुलिस की नजरों से बचने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित चम्बल बजरी को एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने के लिए ट्रक और डंपर में बजरी भरकर ऊपर तिरपाल से पूरी बॉडी पैक कर दी जाती है। कई बार बजरी के ऊपर गिट्टी या डस्ट डाल दी जाती है, ताकि किसी को शक न हो। कुछ वाहन आगे एस्कॉर्ट गाड़ियां लगाकर चलते हैं, जिससे पुलिस चेकिंग होने पर बजरी से भरे वाहन पीछे रोके जा सकें। धौलपुर पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई को और तेज कर दिया है। एसपी विकास सागवान के निर्देश पर एनएच-44 पर सागरपाड़ा पुलिस चौकी के सामने वॉच टावर बनाया गया है और दोनों ओर बड़े पत्थर के बोल्डर रखे गए हैं। वहीं चम्बल तटवर्ती गांव भूरा खेड़ा में अस्थायी चौकी स्थापित कर एएसआई व आरएसी जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस लगातार अपराधी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अलग-अलग तरीकों से निगरानी कर रही है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ ड्रोन के जरिए भी नजर रखी जा रही है। एसपी विकास सागवान की ओर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत पुलिस टीम लगातार दबिश देकर बजरी माफियाओं और हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। हाल ही में पुलिस ने आधा दर्जन ट्रक-डंपर पकड़े हैं। इससे पहले सदर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई थी। पुलिस अब वाहन मालिक, चालक और बजरी भरवाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई कर रही है। सीओ सिटी कृष्णा राज ने बताया कि जिले में अवैध खनन और बजरी परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए सभी थानों और चेक पोस्ट पर लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य साफ है कि चम्बल क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त किया जाए। धौलपुर पुलिस की सक्रियता और सख्त कदमों से बजरी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। आने वाले समय में भी अभियान को और मजबूत किया जाएगा, ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे और अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लग सके।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार 12 फरवरी, 2026

## बेहलिम बने कुरेशी महासभा तहसील अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कुरेशी महासभा राजस्थान ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार करते हुए मोहम्मद शरीफ बेहलीम वल्द अब्दुल गफुर को कुरेशी महासभा राजस्थान का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा उनके सामाजिक कार्यों, सक्रिय भागीदारी व समाज सेवा के प्रती समर्पण को देखते हुए की गई। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष शरीफ बेहलीम ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा वे समाज के हित, शिक्षा, एकता व विकास के लिए पुरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करूंगा।समाज के लोगों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबुत होगा।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लक्ष्मणगढ़ शहर मंडल भाजपा की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में प्रवासी प्रभारी लक्ष्मणगढ़ विधानसभा अनिल धायल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी राजनीति और समाज को दिशा देने वाला विचार है। उनका अंत्योदय का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार के बजट का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखा। इस दौरान बजट की प्रमुख घोषणाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बजट को प्रदेश के विकास की दिशा में सशक्त कदम बताया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयूब बागड़ोदिया, पार्षद प्रतिनिधि कमल शर्मा सहित भादर गोदारा, सज्जन सैनी, विकास वर्मा, सुभाष जांगिड़ समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भागवत कथा में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गौ ऋषि चंद्रमादास महाराज पालवास, बजरंग पुरी महाराज लाडनूं, भैरदास महाराज सहित संतों के सानिध्य में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ पर विराजमान श्री दशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में मोक्ष, ज्ञान और भक्ति का सर्वोच्च साधन श्रीमद्भागवत कथा है। महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए जीवन में दान, दया, सेवा, परोपकार व परमार्थ पर जोर देने का आग्रह किया। किशोर दास स्वामी ने बताया कि भागवत कथा में सीकर पालवास के गौ ऋषि चंद्रमा दास महाराज ने गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए गौ माता की रक्षा, सुरक्षा, सेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में बजरंग पुरी महाराज लाडनूं, भैर दास महाराज, भोल दास स्वामी, करणी सिंह शेखावत, मांगीलाल खिलेरी, घीसूलाल बागड़ा, भवरलाल सरस्वा, रामधन सरस्वा, हीरालाल सरस्वा, भैरदास स्वामी, कुंदनमल माली, बजरंग लाल स्वामी, भंवरलाल माली, अनिल माटोलिया, श्याम शर्मा, रूपचंद स्वामी, सुरेंद्र प्रजापत, धनेश स्वामी, रामोतार, निरंजन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## रामसुख गुर्जर का समाजबन्धओं ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सेवानिवृत एडीएम रामसुख गुर्जर का स्थानीय भारत माता चौक स्थित देवनारायण मंदिर में अभिनंदन किया गया। श्री देवनारायण भगवान मंदिर समिति ट्रस्ट सुजानगढ के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में समाज बन्धुओं ने दुपट्टा पहनाकर व साफा पहनाकर और कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामसुख गुर्जर ने कहा कि समाज शिक्षित होकर ही विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। इसलिए उच्च शिक्षा की तरफ अपने बच्चों को अग्रसर करें। इस दौरान बंशीलाल गुर्जर, गोविंद कसाना, लालचंद पोसवाल, मनसुख खटाना, दौलत भाटी, ओमप्रकाश चौहान, चेनरुप लीलू, अजय सिराधना, रामनिवास गुर्जर, राजकुमार छावड़ी, रामलाल गुर्जर, मनोज बोकन, हेमंत सिराधना, जगदीश गुर्जर, जगदीश प्रसाद ठरडा सहित अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे।

# आयुर्वेद एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, आमजन इसका अधिकाधिक लाभ लें : कोचर

### सीईओ श्वेता कोचर ने किया अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुर्वेद विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय में हो रहे अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ बुधवार को मुख्य अतिथि जिला परिषद् सीईओ श्वेता कोचर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक डॉ. राधेश्याम ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह, वैद्य रामावतार शर्मा, शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओम चॉयल, डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सारण थे। उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि 11 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाईल्स (अर्श), भगंदर सहित मलद्वार के रोगों की शल्य चिकित्सा की ओर से निःशुल्क इलाज किया जाएगा और भोजन तथा आवास की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि इस 10 दिवसीय शिविर में अन्य रोगों का भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से इलाज किया जायेगा। इसमें पंचकर्म तथा अग्निकर्म चिकित्सा, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि आयुर्वेद अब समाज की आवश्यकता बन गया है। आयुर्वेद चिकित्सा का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है और ये प्रभावी चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने आमजन से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया।

## संत मेलादास महाराज की सत्रहवीं सम्पन्न, तपस्वी दास बने आश्रम प्रमुख

जयपुर टाइम्स





**बीदासर(निस)।** नोखा-सीकर रोड स्थित श्री दादूदयाल आश्रम के संत महामंडलेश्वर बाबा मेलादास महाराज की सत्रहवीं पर मंगलवार शाम कस्बे में भव्य नगर भ्रमण, जागरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु और साधु-संत शामिल हुए। राजेंद्र-सुरेंद्र चोरड़िया स्टेडियम से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो मुख्य मार्गों से होती हुई दादूदयाल आश्रम पहुंची। इस दौरान महामंडलेश्वर के चरण कमलों को हाथी पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। कस्बावासियों ने जेसीबी व क्रेन के माध्यम से पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उदयपुरवाटी और लालसोट की खांडेता जमातों ने स्थान-स्थान पर शौर्य प्रदर्शन किया। रात्रि में आयोजित विशाल जागरण में ओमदास महाराज एवं आकाशनाथ महाराज ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बुधवार सुबह महामंडलेश्वर मेलादास महाराज की समाधि पर चरण कमलों की स्थापना की गई। इसके बाद उनके परम शिष्य तपस्वी दास महाराज को चादर ओढ़ाकर आलूदा व बीदासर दादूदयाल आश्रम का प्रमुख घोषित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय दादूपंथ के मुख्य पीठाचार्य व नरेना धाम के पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज, रामाधाम आनंद आश्रम सीथल के पीठासीन क्षमाराम महाराज, रामधाम खेडापा के महंत पुरुषोत्तम दास महाराज, रेणधाम के महंत सज्जन दास महाराज सहित लालसोट, निवाई, चांदसेन और उदयपुरवाटी की जमातों के संत-महंत उपस्थित रहे। तपस्वी दास महाराज ने पधारे संत-महंतों का सम्मान करते हुए महामंडलेश्वर मेलादास महाराज का चित्रयुक्त चांदी का सिक्का, कंबल व स्मृति भेंट प्रदान की।

### नूंह में समर्पण दिवस संगोष्ठी आयोजित

## डॉ. सतीश पूनियां ने किया अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान

जयपुर टाइम्स



**नूंह।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नूंह में समर्पण दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से अंत्योदय के संकल्प के साथ सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से 'लक्ष्य अंत्योदय-प्रण अंत्योदय' के संकल्प को साकार करने में जुटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा संगठन को और मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित है। संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही जनकल्याण की योजनाएं प्रभावी रूप से समाज तक पहुंचती हैं। संगोष्ठी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू, पूर्व मंत्री संजय सिंह, आजाद मोहम्मद, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी सहित जिले के प्रबुद्धजन व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने और अंत्योदय के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## एक ही छत के नीचे मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा पंचायत में नालसा मॉडल स्कीम के तहत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू की ओर से जिला प्रशासन चूरू के सहयोग से आयोजित होने वाले मेगा विधिक सेवा शिविर को लेकर अधिकारियों ने गांव का दौरा किया। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि इस विधिक सेवा शिविर में एक ही छत के नीचे जनहितार्थ केंद्रीय व राज्य की योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा। ज्योति कच्छावा ने बताया कि राजस्व, जलदाय विभाग, बिजली विभाग, ग्रामीण विकास, कृषि, समाज कल्याण आदि समस्त विभाग और नाम शुद्धिकरण एवं खाद्य सुरक्षा के आवेदन भी लिए जाएंगे। चुरू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सहायक प्यारेलाल न्योल ने बताया कि सुजानगढ़ व बीदासर के प्रशासनिक अधिकारी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। प्रताप सिंह ने बताया कि सुजानगढ़ विधानसभा से सभी ग्रामीण एवं शहरी नागरिक इस शिविर का लाभ ले सकते हैं। तैयारियों में विकास अधिकारी रवि कुमार, मुकेश कुमार, रामनिवास खिलेरी ऑपरेटिव, विक्रम, नितेश सैनी, राजेश बिहारी, बाबूलाल चायल, श्याम लाहोटी, भींवाराम प्रजापत आदि जुटे हुए हैं। समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वृद्धजनों के स्टिक, हियरिंग एड आदि मिलेगी।

## मेडिकल कॉलेज में सीबीएमई कार्यशाला का समापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पीडीयू मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय सीबीएमई कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। कार्यशाला में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की ओर से नियुक्त महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर के पर्यवेक्षक चिकित्सक डॉ. अर्चना पालीवाल उपस्थित रही। उन्होंने कार्यशाला का गहन मूल्यांकन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान मेडिकल कॉलेज चूरू के 30 चिकित्सकों ने चिकित्सा पद्धति के नवीन सिद्धांतों, आधुनिक पाठ्यक्रम के प्रयोग व संचालन के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा में विद्यार्थियों को नवीन प्रणालियों और आधुनिक तरीकों से अध्ययन करने की विधियों का अध्ययन किया। कार्यशाला का आयोजन करिकुलम आधारित सीबीएमई पाठ्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसमें नवीन शिक्षण पद्धतियों और व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला समन्वयक डॉ. रमाकांत वर्मा व उनकी टीम ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने सम्पूर्ण टीम के सहयोग से इस कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में मार्गदर्शन प्रदान किया। यह कार्यशाला चिकित्सा शिक्षकों के व्यावसायिक विकास व भविष्य में विद्यार्थियों की गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## निवर्तमान पार्षद पर पत्नी के नाम से फर्म बनाकर ठेकेदारी का आरोप, जांच की मांग

**सुजानगढ़(निस)।** वार्ड संख्या 6 के निवर्तमान पार्षद रिछपाल बिजारणिया पर पत्नी के नाम से फर्म बनाकर ठेकेदारी कार्य करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में भाजपा नेता राजकुमार तंवर ने स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक को ज्ञापन भेजकर मामले की जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड संख्या 5 में लालचंद माली के घर से कालूराम जांगिड़ के घर तक विधायक कोटे से सीसी सड़क स्वीकृत हुई थी। आरोप है कि उक्त कार्य का ठेका रिछपाल बिजारणिया के पास है। तंवर का कहना है कि पार्षद पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी पत्नी के नाम से फर्म बनाकर ठेकेदारी कार्य किया, जो नियमों के विरुद्ध है। आरोप है कि सड़क का निर्माण स्वीकृत स्थान के बजाय कालूराम खाती के घर से ईश्वरराम माली के घर तक कराया गया। साथ ही पूर्व जेईएन से मिलीभगत कर बिना टेंडर व कोटेशन के गणेशाराम नाथ की गली में भी सड़क निर्माण करवा दिया गया। ज्ञापन में इसे आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए वोटों के लाभ के उद्देश्य से किया गया कार्य बताया गया है। तंवर ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई है। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि कोई भी जनप्रतिनिधि अपने नाम या निकट संबंधियों के नाम से फर्म बनाकर ठेकेदारी कार्य नहीं कर सकता। हालांकि, आरोपों के संबंध में निवर्तमान पार्षद का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका।(

## सीकर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल, सीकर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांत, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की विचारधारा को स्मरण किया। मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उनके विचार आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री महावीर प्रसाद सेन, मंडल कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष शालिनी माथुर, मंडल महामंत्री भंवरलाल, नटवरलाल अग्रवाल, मंडल सदस्य महेंद्र चौधरी, अविनाश शर्मा, रीदम अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प

### भाजपा रतनगढ़ शहर मंडल ने मनाया समर्पण दिवस

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मंडल द्वारा रविवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन को सर्वोपरि मानते हुए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद का विचार दिया, जो आज भी मार्गदर्शक सिद्धांत है। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के आधार पर ही भाजपा आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनके पदचिन्हों पर चलकर संगठन को मजबूत बना रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि उपाध्याय द्वारा लगाया गया विचारों का पौधा आज भाजपा के रूप में विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष संजय सारस्वत, निरंजन देव रूंथला, मंडल मंत्री भीमराज प्रजापत, स्वरूप सिंह सेहला, निखिल इंदौरिया, हनीफ खत्री, महेंद्र उपाध्याय, प्रकाश चारण, पृथ्वी सिंह, सुरेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, ललित चारण, भगवती चोटिया, सलीम खान, योगेश प्रजापत, चतर्भुज प्रजापत, प्रदीप सैनी, सुनील शर्मा, श्याम मेघवाल, भंवरलाल टेलर, अशोक पंवार, बलवीर स्वामी, नदीम चेजारा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
12 फरवरी, 2026


## महाशिवरात्रि पर निकलेगी महादेव की बारात

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** महाशिवरात्रि पर्व पर इस वर्ष भी राजलदेसर सेवा फाउंडेशन की ओर से महादेव की बारात निकाली जाएगी। फाउंडेशन के शिवशंकर ने बताया कि 15 फरवरी को शाम 4 बजे महादेव की बारात उत्तरादा श्मशानघाट से रवाना होकर गाजे बाजे के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए टांटिया शिवालय पहुंचेगी। वहां शिव पार्वती का विवाह चार प्रहर पूजा, रूद्राभिषेक किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है।




## भजन संध्या कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों ने गांव के मैन चौक स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पोस्टर का विमोचन किया। पुजारी कमलेश शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व की रात्रि में गायक कलाकार रमेश शर्मा की ओर से विशेष झांकियां सजाई जाएंगी और भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह भजन संध्या कार्यक्रम ग्रामीणों के जनसहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए गांव-ढाणियों में जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। पोस्टर विमोचन के दौरान ब्रजमोहन, विनोद स्वामी, रवि लाटा, विशाल, रूपेश लाटा, बीटू लाटा, शंकर लाल, शक्ति सिंह, कमलेश मीणा, कृष्ण लाटा, सुभाष लाटा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कॉलोनी में स्ट्रीट लाईट्स लगाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने वार्ड न. 31 में स्ट्रीट लाईट्स लगवाने के लिए नगरपरिषद एटीपी उदयसिंह को आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि हमारी पंचायत समिति के पीछे स्थित कॉलोनी में स्ट्रीट लाईट्स नहीं होने के कारण आम लोगों को दिक्कतें होती हैं और दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। अतः कॉलोनी में विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट्स लगाकर कॉलोनी को रोशन किया जाए।



## मौजास जीएसएस की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम पंचायत मोजास में नवगठित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को व्यवस्थापक राकेश कुमार व मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कृषकों के उत्थान व विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सरपंच मुकेश कुमार उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार वकील सदस्य श्रवण सिंह, चौथमल कांटीवाल, रामलाल भड़िया, सत्यपाल ऐचरा, शिशुपाल सिंह, परवीन बानो, रूपा देवी, राजकरण सिंह, सुभाष चंद्र झाझड़िया, निलेश कुमार एवं ग्रामीण ओमप्रकाश राहर, धर्मपाल बिशु, ओम प्रकाश बिशु, मोहम्मद जावेद, रामप्रसाद टोडरवास, सावर मल आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिनों तक आयोजित होगा फाल्गुनी सतरंगी महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री श्याम गो सेवा मंडल की बैठक अध्यक्ष चैनरूप सोनी की अध्यक्षता में नया बास में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी फाल्गुनी सतरंगी महोत्सव 2026 को तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाड़ी, गोठड़ीवाल चौक में आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिवस प्राचीन श्याम मंदिर में स्थानीय कलाकारों की ओर से भजनों का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। द्वितीय दिवस संत समागम के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें फतेहपुर के संत चिमाबाबा, मिरनधाम के संत मुक्तिनाथ महाराज, गाड़ोदा धाम के महावीर जति महाराज, सुजानगढ़ गुलर धाम के महंत स्वामी कानपुरी महाराज, सागलिया धूणा के केशवदास महाराज भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आकर्षण अखंड ज्योत, बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी रहेगी। कलाकार महावीर सांखला नागौर की ओर से बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। भागीरथ करवा ने बताया कि बैठक में नंदलाल चौहान, राकेश रिनवा, गोविंद सारस्वत, अंकित चौहान, कौशल सोनी, अजीत स्वामी, महेंद्र चोटिया, अजय अग्रवाल, गिरधारी स्वामी, अभिषेक चौहान, कुलदीप सैन, किशन सिंह राजपूत, बाबूलाल सैन, भागीरथ स्वामी, दीपक सोनी, ओमप्रकाश करवा, तिलोकचंद सोनी, जीतू नाई, अरविंद स्वामी, हेमंत चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान व सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यवाहक जिला कलेक्टर कैलाश चंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई और पोर्टल के मामलों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल कागजी निस्तारण न होकर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित होना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके। बैठक के दौरान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। कलेक्टर यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, झुंझुनूं एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबड़ा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक सृष्टि, महिला व बाल विकास के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, डीईओ प्रारंभिक संतोष सोहू, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तारानगर को एसीजेएम न्यायालय की सौगात, अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा में तारानगर को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) न्यायालय की स्वीकृति मिलने पर न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। बार संघ अध्यक्ष प्रभदयाल सहारण के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की। अध्यक्ष सहारण ने एसीजेएम न्यायालय की सौगात देने पर भजन लाल शर्मा तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का आभार जताया। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर वे अधिवक्ताओं के साथ कई बार ज्ञापन व व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से प्रयासरत थे, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि एसीजेएम न्यायालय स्थापित होने से क्षेत्र के वादकारियों को न्यायिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकेंगी तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण में गति आएगी। इस अवसर पर अपर लोक अभियोजक पंकज स्वामी सहित महेंद्र कुमार यादव, लक्ष्मीनारायण सहारण, पवन कुमार योगी, निर्मल कुमार, प्रजापत, गजराज सिंह राजवी, रतन चाचान, राजेंद्र सिंह न्यागली, अनिल स्वामी, जितेंद्र सिंह, साजिद खान, विकास सोनी, विकास सिहाग, देवकरण प्रजापत सहित समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर की श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधि सप्ताह के तीसरे दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। साहित्यिक प्रतियोगिता सप्ताह के तृतीय दिवस पर भाषण व आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वेद प्रकाश बरोड़, लोकेश सैन, उमा भारती रहे। आशु भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में महेश छींपा, मुकेश सुथार, सुमन चौहान, आशीष पारीक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा की ओर से प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ साहित्यक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम राजेश, द्वितीय कुशाग्र और तृतीय शिवनाथ रहा। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कुशाग्र, द्वितीय विकास पारीक और तृतीय नरेंद्र प्रजापत रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता व उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी देवेश जेदिया और कुशाग्र ने किया।

## दुकानदारों को पानी को बचाने के लिए किया जागरूक

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार शहर के बीकानेर बस स्टैंड पर क्षेत्र में दुकानदारों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के बाबू लाल ने बताया की जल है तो कल है बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आए हैं जल ही जीवन है, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। इसलिए हम सबको मिलकर पानी का संरक्षण करना है। पार्षद भीमसेन सैनी ने कहा कि जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है, भविष्य में आज की बचत और कल का भविष्य हैं, इसमें हम सब अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम सब को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे ताकि जल संरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में सोनू सैनी, मोहम्मद आदिल, गजेंद्र, दिनेश, रामलाल, सांवरमल, केशरीचंद, मालाराम, लक्ष्मण सिंह व पवन सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदारी निभाई।

## राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. महेश कुमार का आईसीएसएसआर उत्तर-डॉक्टोरल शोधवृत्ति में चयन

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. महेश कुमार का इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद) की प्रतिष्ठित उत्तर-डॉक्टोरल शोधवृत्ति के लिए चयन हुआ है। उनका चयन आरए पोद्दार इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर अनुराग शर्मा के निर्देशन में हुआ है। इस प्रतिष्ठित शोधवृत्ति के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय से एकमात्र डॉ. महेश कुमार का चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उनका शोध विषय 'मानव पूंजी विकास' है, जो वर्तमान समय में आर्थिक उन्नति, कौशल विकास और सामाजिक प्रगति से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है।

## भाजपा नेताओं ने अर्पित की दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एकात्म मानववाद और अंत्योदय दर्शन के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें कार्यकर्ताओं की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सामने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। मण्डल अध्यक्ष माटोलिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने संपूर्ण जीवन को राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित किया। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को उपाध्याय के विचारों को अपने जीवन में उतारकर उनके मार्गदर्शन के पथ पर अग्रसर रहने का आह्वान किया। इसी तरह महामंत्री प्रकाश भार्गव, बुद्धिप्रकाश सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, भंवरलाल बिजारणियां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, रेंवतमल पवार, मनोज पारीक, प्रेम स्वामी, नरेंद्र प्रजापत, ललित गुर्जर, गोवर्धन तंवर, जगदीश नाथ, विकास सोनी, कृष्णकांत प्रजापत, राजकुमार वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

## वाहन की टक्कर से 5 वर्षीय बालक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आजाद नगर में वाहन की टक्कर से 5 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने तुरंत 5 वर्षीय चरणजीत पुत्र जयप्रकाश मीणा को राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजकीय उपजिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक बालक के शव को राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि आजाद नगर निवासी 5 वर्षीय बालक चरणजीत के पिता जयप्रकाश मीणा ने रिपोर्ट दी है कि कॉलोनी में शादी समारोह के दौरान मेरा 5 वर्षीय पुत्र चरणजीत कॉलोनी में खेल रहा था। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाकर आया और मेरे पुत्र चरणजीत को टक्कर मार दी। जिससे मेरे पुत्र चरणजीत की मृत्यु हो गई। वहीं पुलिस रिपोर्ट के आधार पर अब मामला दर्ज कर बालक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर आगे की जांच शुरू कर दी। वहीं पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर वाहन की तलाश में जुटी हुई है।।


### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांकः न.प. सु. / भूमि शाखा / 2026 / 11381 दिनांक 11-02-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम | कस्बा | ख. न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती मुन्नी बानो पत्नी श्री सादुल खां | सुजानगढ़ | 674 | 102.05 | आवासीय |

आयुक्त नगरपरिषद,
सुजानगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत हरासर पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक- ग्राप / हरासर / 2026 / 236 दिनांक- 11.02.2026

**आपत्ति नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरारार का द्वारा जारी निम्नलिखित पट्टों को आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 173 के के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | नाम पट्टाधारक | पिता/पति का नाम | आवासीय संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गगज में) | पड़ौसान | निवासी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती संजुदेवी | राजेन्द्र गोदारा | 17.61 | उत्तर- राजेन्द्र गोदारा / ओमप्रकाश गोदारा | हरासर |
| | | | | दक्षिण-आम रास्ता | |
| | | | | पूर्व राजेन्द्र गोदारा / ओमप्रकाश गोदारा | |
| | | | | पश्चिम-मधाराम / खंगाराम | |
| 2. | श्री अन्नाराम | जग्गूराम जाट | 16.57 | उत्तर- स्वयं की भूमि | हरासर |
| | | | | दक्षिण- शिवदयाल / भीखाराम | |
| | | | | पूर्व- स्वयं की भूमि | |
| | | | | पश्चिम- आम रास्ता | |

उक्त पडौसान के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक संपरिवर्तपन के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कोई किसी भी तरह की आपत्ति हो तो दिनांक 04.03. 2026 को प्रातः 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति को प्रस्तुत करें। समय सीमा समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हरासर
पं. स. सुजानगढ़ (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत हरासर
पं. स. सुजानगढ़ (चूरू)

### Office of Superintendent Engineer Cum Project Manager WCDC, Zila Parishad Churu

S.No. 2722-23 Date 03/02/2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 19/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 130.589 (Sno.01), 112.979 (Sno.02),are invited from interested bidders up to 05.02.2026, 10:00 AM to 16.02.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.
NIB Ref.No. ENIT_19_2025_26_SE_CHURU
NIB Code WSC2526A1551
UBN - WSC2526WSOB02695
WSC2526WSOB02696

अधिक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सैल कम डाटा सेन्टर
जिला परिषद, सुख

DIPR/C/2627/2026

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2957-2970 Date :-04.02.2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 50/2025-Supply of Field Test kit for Water Testing at Various Villages under FHTC, JJM under PHED Div Churu are invited form interested bidders upto 16-02-2026 (14:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no Nit no 50/2025-26 Rs. 01.09 Lacs
UBN No. PHE2526GSOB13058 RS 01.09 Lacs

DIPR/C/2611/2026

Executive Engineer,
PHED Division Churu

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26 12769 दिनांक :- 10/02 /2026

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमान अशोक कुमार देवडा पुत्र श्री रूपचन्द देवडा | वार्ड न.35 | 388.26 वर्गमीटर | 132 |
| 02. | श्रीमती शीतल देवी पत्नी श्री अशोक कुमार देवडा | वार्ड न.35 | 301.23 वर्गमीटर | 132 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## सरकार ने विकास से दूर जाकर बजट पेश किया: मनोज मेघवाल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान की विधानसभा में वित्त मंत्री दीया कुमारी की ओर से पेश किए गए बजट पर विधायक मनोज मेघवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आंकड़ों के माया जाल के जरिये राजस्थान सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ राजनीतिक रूप से भेदभाव किया है। शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण और मूलभूत बिन्दुओं की उपेक्षा की गई है। पूरे बजट में मात्र एक कॉलेज खोलने की बात की है, जिससे पता चलता है कि सरकार की मंशा क्या है? स्कूलों को क्रमोन्नत करने जैसे कार्य इस सरकार को पसंद ही नहीं है। इसी प्रकार पूरे प्रदेश में 7-8 जीएसएस स्वीकृत करके उर्जा क्षेत्र की भी उपेक्षा की है। पिछली बार के स्टेट हाईवेज के बारे में इस बार के बजट में चर्चा तक नहीं की गई है, पैसे का प्रावधान तो दूर की बात। अधिकारियों ने आंकड़ों में हेरा फेरी करके नए बजट बनाकर पेश कर दिया और एतिहासिक घाटे का बजट पेश कर दिया। इस प्रकार का राजकोषीय घाटा मिस मैनेजमेंट को दर्शाता है। सरकार खुद कर्जे में है और जनता को कर्ज में डूबोना चाहती है।

## राजस्थान बजट 2026 निराशाजनक - रीटा चौधरी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष व मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने बुधवार को जारी वक्तव्य में राजस्थान बजट 2026 को निराशाजनक बताया है। बजट भाषण के बाद विधानसभा के बाहर कहा कि सरकार का आधा कार्यकाल पूरा हो गया, अब जनता भी नाउम्मीद हो चुकी है, बार-बार घोषणाएं करते हैं, लोग उम्मीद बांधकर रखते हैं, और बजट वाले दिन सारी उम्मीदें धराशायी हो जाती हैं।

## खानापूर्ति का बजट: अनौखा सैनी

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** कांग्रेस नेता अनौखा सैनी कहा कि 'महंगाई कम करने की बात की गई। मुझे आश्चर्य है कि आज सरकार ने कहा कि हमारा वित्तीय प्रबंधन बहुत अच्छा है। आपका राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है, लोन बढ़ रहा है और 35-40 हजार करोड़ रुपये आपको और लेना पड़ेगा। इंजन डबल है, आपकी सरकार केंद्र में है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि देश का प्रधान सेवक हूं लेकिन यहां बात राजा और प्रजा की हो रही है। मुझे बड़ा ही अजीब तरह का बजट लगा। अनौखा ने कहा कि मुझे लगा नहीं कि यहां पर जनता की आवाज को सुना गया है। यहां तक की सत्ताधारी दल के प्रतिनिधि हैं, उनकी भी बहुत सारी मांगें होंगी लेकिन कोई ध्यान दिया नहीं गया। मुझे बहुत ज्यादा उम्मीद पहले ही नहीं थी लेकिन आज बजट भाषण सुनने के बाद लगा कि सरकार सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। लंबा भाषण पढ़ दिया लेकिन धरातल पर इनमें से कोई योजना कारगर साबित नहीं होगी। जो लोग आज परेशान हैं, किसान, नौजवान, महिलाएं और मध्यमवर्ग को सरकार ने कोई राहत नहीं दी ह।

## बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा : सत्येन्द्र पाराशर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सत्येन्द्र पाराशर ने प्रदेश के बजट को विकसित राजस्थान बनाने वाला बजट बताया है। पाराशर ने कहा कि बजट में रोजगार के नए अवसर ऊर्जा के क्षेत्र में सौर ऊर्जा को बढ़ाने युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने हेतु नए प्रावधान किए हैं। महिला उत्थान किसान कल्याण राजस्थान मैं सड़को का जाल बिछाने के प्रावधान किए हैं। कुल मिलाकर बजट डबल इंजन की सरकार की ओर से राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने वाला है। पाराशर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का जानदार शानदार चहुमुखी विकास परक बजट के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## किसान हितों को सशक्त बनाने वाला राजस्थान बजट: शेरावत

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** बजट में कृषि, सिंचाई, बिजली और ग्रामीण विकास पर दिया गया विशेष ध्यान हम किसानों के लिए राहत देने वाला हैं। बजट से खेती की लागत कम होगी और आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। महामंत्री भाजपा नगर मंडल चौमू महेश शेरावत ने बताया सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, बिजली आपूर्ति में सुधार और आधुनिक तकनीक के उपयोग से खेती अधिक लाभकारी बन सकती है। सरकार की ओर से किसानों के हित में की गई घोषणाएं गांव और खेत दोनों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## उपभोक्ता आयोग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई की घोषणा का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** प्रदेश की वित्त व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से बुधवार को राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत बजट में राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की व्यवस्था शुरू करने की घोषणा का जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने स्वागत करते हुए इसे उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम बताया है। अध्यक्ष मील ने कहा कि इस पहल से आमजन को अपने घर या नजदीकी स्थान से ही सुनवाई में शामिल होने की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। विशेष रूप से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को अब आयोग तक बार-बार आने की परेशानी से राहत मिलेगी और न्याय प्रक्रिया अधिक सरल व सुलभ बनेगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से मामलों के त्वरित निस्तारण में भी तेजी आएगी तथा आयोग की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और जनकल्याण पर फोकस है राजस्थान का बजट: अमित गोयल

### नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन का सशक्त दस्तावेज

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री की ओर से प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक दूरदर्शी व ऐतिहासिक बजट है। यह बजट मुख्यमंत्री भजनलाल के कुशल नेतृत्व व उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी की दूरदृष्टि का प्रमाण है, जो 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करेगा। भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने राजस्थान के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट सड़कों, बिजली, पानी, आवास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करेगा। 28 लाख परिवारों के लिए आवास, युवाओं के लिए स्वरोजगार योजना, तकनीकी भर्ती, स्मार्ट बिजली व्यवस्था, बाढ़ सुरक्षा, ड्रेनेज सिस्टम और औद्योगिक पार्क जैसी अनेक योजनाएं आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख युवाओं को 10 लाख तक ऋण पर ब्याज अनुदान जैसी योजनाएं रोजगार के देंगी। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए 1000 करोड़ रुपए, ब्याज-रहित लोन सुविधा तथा 30 हजार युवाओं को लाभ देने की योजना शिक्षा को रोजगार से जोड़ने का प्रभावी प्रयास है।

एआई आधारित बिजली ग्रिड, रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑनलाइन टेस्ट सेंटर्स, और राज्य स्तरीय एजेंसी की स्थापना जैसे नवाचार राजस्थान को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में वर्ष 2027 तक सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों में 90 प्रतिशत कमी का लक्ष्य तय किया गया है, जो सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

किसानों के लिए सिंचाई, पेयजल, सूक्ष्म सिंचाई योजना, फार्म पोंड और आर्थिक सहायता जैसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी। वहीं, बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और महिला-बाल कल्याण योजनाएं सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। सड़क, पुल, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम और शहरी विकास परियोजनाओं से आमजन को अच्छी सुविधाएं मिलेंगी।

### टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा:

गोयल ने कहा कि सरकार की ओर से हेरिटेज, इको-टूरिज्म और रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने की पहल सराहनीय है। ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे और गेस्ट हाउस को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय लोगों को सीधा रोजगार और आय के अवसर प्राप्त होंगे। यह बजट राजस्थान को 'पर्यटन की वैश्विक राजधानी' के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### महिलाओं को प्रदेश के विकास में भागीदार बनाना:

गोयल ने इस बजट को महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इससे आंगनबाड़ी केंद्रों को नंद घर में बदलने, महिला-बाल शक्ति संकुल की स्थापना, अमृत पोषण वाटिकाओं और बच्चों के पोषण कार्यक्रमों से मातृ व शिशु स्वास्थ्य को मजबूती मिलेगी। महिला कार्मिकों के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य सदन, जरूरतमंद बच्चों के लिए चिल्ड्रन होम तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार होना अच्छी बात है।

## विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला है बजट: कन्हैयालाल चौधरी

### नई पाइपलाइन व पेयजल परियोजनाओं का होगा विस्तार

### दूरस्थ व जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को मिलेगी राहत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सशक्त व आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। चौधरी ने बताया कि बजट में जल संसाधनों के संरक्षण, पाइपलाइन विस्तार, नई पेयजल परियोजनाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इससे विशेष रूप से दूरस्थ व जल संकटग्रस्त क्षेत्रों को राहत मिलेगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता 'हर घर स्वच्छ जल' के लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त करना है। बजट में की गई घोषणाओं से अधूरी परियोजनाओं को गति मिलेगी और नई योजनाओं के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल वितरण तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि बजट में विभाग में लगभग 3,000 संविदा कर्मियों की नियुक्ति का ऐलान किया गया है, जिससे विभाग की परिचालन क्षमता और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा, बजट में 'अमृत 2.0' योजना के तहत 3 लाख नए घरों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। मंत्री ने इसे ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी कदम बताया, जो राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और सुरक्षित पीने का पानी पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि संशक्त जल प्रबंधन के लिए बजट में जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। जिससे हम आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर जल संकट के समाधान और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर होंगे। चौधरी ने कहा कि बजट में घोषित 160 करोड़ रुपये के पेयजल संबंधी कार्यों को तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि हर घर तक नल का पानी पहुंच सके। उन्होंने राजस्थान स्टेट वाटर पॉलिसी का भी स्वागत किया, जो आमजन को पेयजल सुविधा और अघरेलु व औद्योगिक इकाइयों के लिए पानी उपलब्ध कराने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि बजट में 1,092 गांवों की लगभग 20 लाख आबादी को बीसलपुर से पेयजल आपूर्ति स्तर बेहतर करने के लिए सूरजपुरा से चाकसू तक ट्रांसमिशन लाइन संबंधी कार्यों के लिए 650 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। जलदाय मंत्री ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के सहयोग से प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प अवश्य पूरा होगा।

## बजट निराशाजनक, सामाजिक सुरक्षा व रोजगार पर चुप्पी : हरिसिंह रुण्डला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हरिसिंह रुण्डला (खंडेला) ने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता के लिए निराशाजनक है और भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में ऐसी कोई घोषणा नहीं है जिसे व्यापक जनहित का कहा जा सके। रुण्डला ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन में प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान किया गया था और पिछले दो बजटों में भी वृद्धि की घोषणा होती रही, लेकिन इस बार 90 लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए कोई बढ़ोतरी घोषित नहीं की गई, जिससे उनमें निराशा है। उन्होंने युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उनका कहना है कि पांच वर्षों में चार लाख सरकारी नौकरियों की उम्मीद लगाए बैठे युवाओं के लिए किसी बड़ी भर्ती की घोषणा नहीं की गई, बल्कि कम पदों पर भी संविदा आधारित भर्ती की बात कही गई है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय शुरू की गई अन्नपूर्णा राशन किट योजना को बहाल नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही मीडिया के लिए भी बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया।

नए जिलों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 के संशोधित बजट में नए जिलों के बुनियादी ढांचे के लिए एक हजार करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी। इसके बाद 12 मार्च 2025 को बजट चर्चा के दौरान भी इसी प्रकार की घोषणा दोहराई गई। अब तीन हजार करोड़ रुपए मिनी सचिवालयों के लिए घोषित किए गए हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों में कितने मिनी सचिवालय बने, इसकी जानकारी सरकार को सार्वजनिक करनी चाहिए।

रुण्डला ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय जनप्रतिनिधियों की मांगों को प्राथमिकता दी जाती थी और घोषणाएं धरातल पर उतारी जाती थीं, जबकि वर्तमान सरकार में न तो जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों के लिए मांग कर पा रहे हैं और न ही सरकार ठोस कार्य दे पा रही है।

## यह बजट सशक्तीकरण का नया मार्ग प्रशस्त करेगा : दूकिया

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने बुधवार को राज्य के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इसी संकल्प को साकार करने के लिए आज राजस्थान विधानसभा में उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी की ओर से प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली का 'गारंटी कार्ड' है। यह बजट गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता के सशक्तीकरण का नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

**पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी:**

ढूकिया ने कहा कि बजट में प्रस्ताव से राज्य में विश्वस्तरीय सड़कों, सुदृढ़ कनेक्टिविटी और हमारी गौरवशाली संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का बनेगा आधार : शर्मा**

भाजपा नेता व जनसेवी सपना - संदीप शर्मा ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि यह सर्वस्पर्शी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा। हम जन-जन की आकांक्षाओं को पूर्ण कर एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राजस्थान की नींव मजबूत कर रहा है

## कृष्णा बस स्टैंड व्यापारियों की बैठक, आशिष अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के कृष्णा बस स्टैंड के व्यापारियों ने एक बैठक रखकर कृष्णा बस स्टैंड व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से आशीष कुड़ी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दीपाराम कुलड़िया, संगठन मंत्री नरेंद्र जांगिड़, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जांगिड़ को चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से व्यापारियों ने कई अहम निर्णय लेकर व्यापारियों को संगठित करने का व्यापारियों की समस्याओं के समाधान व कृष्णा बस स्टैंड के अंदर साफ सफाई वह विकास के कार्य को लेकर बैठक में निर्णय लिए गए। व्यापार मंडल की बैठक में सभी व्यापारियों से सहयोग का आह्वान किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष कुड़ी ने पूरी ईमानदारी से व्यापारियों के लिए हर समय तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर बैठक में कृष्णा बस स्टैंड के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### राजस्थान बजट 2026-27 : झुंझुनूं जिले को विकास की बड़ी सौगातें

# शेखावाटी के लिए ऐतिहासिक पहल: यमुना जल परियोजना के लिए 32 हजार करोड़ का बजट

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान का बजट प्रस्तुत किया। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए तैयार किया गया। यह बजट प्रदेश को आर्थिक समृद्धि और समावेशी विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला रहा। बजट में विकसित राजस्थान-2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सरकार ने सेवा, समर्पण और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए यह बजट पेश किया है।

### झुंझुनूं जिले को मिली अहम सौगातें:

बजट में झुंझुनूं जिले के लिए आधारभूत संरचना, सड़क, बिजली, पेयजल, खेल, चिकित्सा व सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

### सड़क व परिवहन विकास:

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के लिए कई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई जिनमें :

- छऊ से बाजवा तक 5 किमी सड़क के लिए 1.45 करोड़ रु.
- जाखड़ से राठियों की ढाणी तक 2 किमी सड़क हेतु 50 लाख रु.
- जाखोद से लोटिया रोड तक 3 किमी सड़क के लिए 75 लाख रु.
- डाडाफतेहपुरा-नालपुर-गौरीर-रामबास तक 13 किमी सड़क हेतु 11 करोड़ रु.
-उदयपुरवाटी से बकरा-झुंझुनूं-नवलगढ़ सीमा तक 16.5 किमी सड़क के लिए 10 करोड़ रु.
- झुंझुनू जिले की विभिन्न मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण के लिए 12 करोड़ 50 लाख रुपए

### रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को भी प्राथमिकता:

- झुंझुनूं में रीको रेलवे फाटक एलसी-266 पर आरओबी के लिए 45 करोड़ रु.
- गुड़ा मोड़ स्थित रेलवे फाटक एलसी-269 पर ओवरब्रिज के लिए 43.03 करोड़ रु.

### विद्युत, पेयजल व प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण:

- देवीपुरा बणी, नवलगढ़ में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण
- मेहाड़ा (खेतड़ी) में सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय
- नवलगढ़ में पीएचईडी सहायक अभियंता कार्यालय
- गोठड़ा (नवलगढ़) में सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय की स्थापना
- ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जिला कलेक्टर को एक करोड रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

### सैनिक कल्याण व गौरव:

प्रदेश के सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं को एक स्थान पर सुविधाएं देने हेतु झुंझुनूं में इंटीग्रेटेड सैनिक परिसर स्थापित किया जाएगा। प्रथम चरण में झुंझुनूं सहित तीन स्थानों पर 36 करोड़ रु. से कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। साथ ही जिले में वार म्यूजियम की स्थापना कर वीर सपूतों के शौर्य को सम्मान दिया जाएगा।

### खेल व चिकित्सा क्षेत्र:

- नवलगढ़, काकोड़ा व बुहाना में नए खेल स्टेडियम
- मंडावा के दुराना में नवीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर
- नेवरी व इंद्रपुरा के पशु चिकित्सालयों का प्रथम श्रेणी में क्रमोन्नयन
- खेतड़ी के पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय अस्पताल में उन्नत करना

### सांस्कृतिक संरक्षण:

शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना के तहत झुंझुनूं, चूरू व सीकर की 660 से अधिक हवेलियों के संरक्षण हेतु 200 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। कुलोद माता मंदिर में भी विकास कार्य कराए जाएंगे।

### कानून व्यवस्था व कारागार सुधार:

- बालाजी पुलिस चौकी (उदयपुरवाटी) की स्थापना
- झुंझुनूं कारागार में आधुनिक मुलाकात कक्ष व बंदियों के लिए लॉकर्स का निर्माण

### यमुना जल परियोजना के लिए 32 हजार करोड़ का बजट:

शेखावाटी क्षेत्र के लिए वर्षों से प्रतीक्षित पेयजल संकट के समाधान की दिशा में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान तथा हरियाणा सरकार के बीच हुए एमओयू के तहत यमुना जल को हथिनी कुंड बैराज से शेखावाटी तक लाने की महत्वाकांक्षी परियोजना शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। इस योजना के लिए 32 हजार करोड रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया। यह योजना सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिलों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

### हवाई सेवा:

सीकर-झुंझुनूं में नए एयरपोर्ट की स्थापना हेतु फीजिबिलिटी स्टडी कराने की घोषणा की गई है, जिससे क्षेत्र में निवेश और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### अन्य बड़ी घोषणाएं:

- जिला चिकित्सालय में नशा मुक्ति वार्ड स्थापित किए जाएंगे ।
- जिला चिकित्सालय में मनोचिकित्सकों के साथ साइकोलॉजिकल काउंसलर लगाए जाएंगे ।
- मानसिक रोगों की शीघ्र पहचान कर परामर्श, उपचार पुनर्वास व रेफर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालयों पर मेंटल हेल्थ केयर सेल की स्थापना की जाएगी ।